रोहतक, गुरुवार 12 मार्च 2026 ■ चैत्र मास कृष्ण पक्ष-09 ■ वर्ष : 30, अंक : 36 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 मौसम अधि. 37.5, न्यून. 14.4 haribhoomi.com




लोगों में डर कहीं खत्म न हो जाए सिलेंडर इसलिए जल्दबाजी में करा रहे बुकिंग

## रूस से 3 करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीदेगा भारत

ईरान-इजराइल में जारी जंग के बीच स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज रूट बंद हो गया है। ऐसे में कच्चे तेल की सप्लाई बंद होने के बाद भारत करीब 3 करोड़ बैरल कच्चा तेल रूस से खरीदेगा। यह दावा ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में बताया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियों ने रूस से तेल के एग्रीमेंट किए हैं। हाल ही में अमेरिका ने समुद्र में फंसे रूसी तेल के शिपमेंट्स खरीदने के लिए भारत को 30 दिन की छूट देने का दावा किया था।

### घरेलू गैस सिलेंडर के लिए हो रही मारामारी न बुकिंग हो रही और न ही ओटीपी आ रहा

# सरकार का दावा-दिक्कत नहीं, गैस एजेंसियों पर लग रहीं लंबी लाइनें

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

अमेरिका, इजराइल और ईरान में चल रहे युद्ध का असर अब हरियाणा में भी दिखने लगा है। कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई रोक दी गई है। वहीं, घरेलू गैस सिलेंडर के लिए भी मारमारी शुरू हो गई है। गैस एजेंसियों पर लंबी लाइनें लग रही हैं। पहले एक से 2 दिन में घरेलू सिलेंडर की डिलीवरी हो जाती थी। अब इसमें एक हफ्ते तक का टाइम लग रहा है। बुधवार को कैथल, रेवाड़ी और फरीदाबाद, सिरसा समेत कई जिलों में गैस एजेंसियों के बाहर दिनभर लंबी लाइन लगी रही। लोगों का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो पा रही है। फोन पर ओटीपी भी नहीं आ रहे। इस बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। सरकार का कहना है कि ऑयल कंपनियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। गैस की आपूर्ति निरंतर रूप से प्राप्त हो रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गैस की किसी प्रकार की कालाबाजारी न हो और लोगों में पैनिक न हो।



### गैस की किसी प्रकार की कालाबाजारी न हो : सीएम

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बुधवार को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में वर्तमान में मिडिल ईस्ट में उत्पन्न युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण एलपीजी गैस की आपूर्ति बाधित होने संबंधी फैल रही अफवाहों की स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव राजाशेखर वुंडरू, महानिदेशक अंशज सिंह तथा ऑयल कंपनियों के अधिकारी मौजूद रहे। आयल कंपनियों के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है और ऑयल कंपनियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त गैस की आपूर्ति निरंतर रूप से प्राप्त हो रही है। सरकार द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि घरेलू एलपीजी गैस की निर्बाध आपूर्ति बनी रहे तथा किसी भी प्रकार की चोरी या कालाबाजारी न हो।

### प्रदेश में अभी हालात सामान्य, एजेंसियों पर उमड़ रही भीड़

- यमुनानगर के खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नीतीश कुमार ने बताया कि गैस एजेंसियों से सिलेंडरों की उपलब्धता और स्थिति की नियमित जानकारी ली जा रही है। कालाबाजारी रोकने के लिए निगरानी टीम भी गठित की गई है।
- कैथल में अलग-अलग कंपनियों की 19 गैस एजेंसियां हैं, जिनके 2.48 लाख उपभोक्ता हैं। सामान्य तौर पर, प्रत्येक एजेंसी से प्रतिदिन 100 से 200 सिलेंडरों की डिलीवरी की जाती है। लेकिन, पिछले 3 दिनों से प्रत्येक एजेंसी में रोजाना 700 से 800 सिलेंडरों की डिलीवरी की मांग बढ़ गई है।
- रोहतक में कुल 2.16 लाख उपभोक्ता हैं, जिनमें इंडेन के 87 हजार, भारत गैस के 95 हजार और एचपी के 34 हजार उपभोक्ता शामिल हैं। वहीं, रोहतक में कुल 16 गैस एजेंसियां हैं। गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से हो रही है।
- हिसार में 54 गैस एजेंसियां हैं। कंपनियों की ओर से सप्लाई पूरी तरह बंद नहीं हुई है, लेकिन लोड कम आ रहा है। पहले जहां एक एजेंसी को प्रतिदिन जितनी गाड़ियां मिलती थीं, अब उससे कम स्टॉक मिल रहा है।
- पानीपत जिले की 28 गैस एजेंसियों पर 4.45 लाख उपभोक्ता हैं। गैस एजेंसी डीलर रमन पुहाल ने बताया कि कॉमर्शियल सप्लाई ठप है, लेकिन घरेलू गैस की किल्लत नहीं है।
- सोनीपत में 32 गैस एजेंसियों में 2 लाख 14 हजार कनेक्शन हैं। अभी स्थिति नियंत्रण में है। किसी प्रकार की परेशानी नहीं है।
- कुरुक्षेत्र में जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नरेश कुमार ने बताया कि जिले में 27 गैस एजेंसी है। कुल 2.70 लाख गैस कनेक्शन है। जिले में गैस सप्लाई में कोई परेशानी नहीं है।


### संकट : यूपी-बिहार में पुलिस सुरक्षा में बंट रहे सिलेंडर

- अयोध्या में एलपीजी सिलेंडर की किल्लत के चलते राम रसोई को बंद कर दिया गया है।
- मध्य प्रदेश में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई ठप होने से सबसे ज्यादा संकट होटल-रेस्टॉरेंट पर है।
- उत्तर प्रदेश में बुकिंग के 4 से 5 दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। गैस एजेंसियों के बाहर लाइनें लगी हैं। झांसी में 500 सिलेंडर पकड़े, 7 गिरफ्तार।
- दिल्ली हाईकोर्ट की वकीलों की कैंटीन में भी एलपीजी गैस सिलेंडर न होने की वजह से मेन कोर्स का खाना देना कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया है।
- बिहार में 2 दिन से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की बुकिंग बंद है। इस वजह से होटल,रेस्टॉरेंट पर असर पड़ा है।
- राजस्थान में 1900 रुपये का सिलेंडर 2500 रुपये में बेचा जा रहा है। यहां कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बिल्कुल बंद है।
- पंजाब में घरेलू सिलेंडरों की भी बुकिंग बंद है। लुधियाना और फरीदकोट में सर्वर डाउन होने के कारण घरेलू सिलेंडरों की बुकिंग भी नहीं हो पा रही है।
- मुंबई के होटलों पर संकट आ गया है। गैस खत्म होने से 2000 रेस्तरां बंद पड़ गए है।
- रेलवे ने कहा है कि वह अपनी सीओ कैटरिंग ऑपरेशन ट्रेनों में खाने की सर्विस कुछ समय के लिए रोक सकती है। वहीं उन यात्रियों को रिफंड दे सकती है।

### गुजरात आ रहे थाई जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला

**तेल अवीव/तेहरान।** गुजरात आ रहे थाईलैंड के एक कार्गो जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला हुआ है। ओमान के पास चल रहे इस जहाज को प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया। थाईलैंड के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि जहाज पर मौजूद 23 में से 20 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। थाई झंडे वाला यह बल्क कैरियर मयूरी नारी संयुक्त अरब अमीरात से रवाना हुआ था। वहीं, ओमान के दक्षिणी शहर सलालाह के पोर्ट पर तेल स्टोरेज टैंकों पर भी ड्रोन हमला किया गया।

### ट्रम्प बोले-ईरान से जल्द खत्म होगी जंग, हमने सब तबाह किया



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ जंग बेहतरीन चल रही है और यह जल्द खत्म हो सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमलों के बाद वहां हमला करने के लिए लगभग कुछ भी नहीं बचा है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान को उम्मीद से कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। उनके मुताबिक कई अहम सैन्य और रणनीतिक ठिकाने तबाह कर दिए गए हैं। ट्रम्प ने कहा कि सैन्य अभियान तय समय से आगे चल रहा है। शुरुआती योजना छह हफ्तों की थी, लेकिन अमेरिका ने इससे पहले ही अपने कई लक्ष्य हासिल कर लिए हैं।

(विस्तृत पैकेज पेज -8 पर)

## खबर संक्षेप

### रिलायंस अमेरिका में करेगा 27 लाख करोड़ रुपये का निवेश

**वाशिंगटन।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अमेरिका में ऑयल रिफाइनरी बनाने के लिए डील की है। अमेरिका में पिछले 50 सालों में यह पहली नई ऑयल रिफाइनरी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 11 मार्च को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर इसकी जानकारी दी। ट्रम्प ने कहा कि यह 300 अरब डॉलर यानी, करीब 27 लाख करोड़ रुपये की एक ऐतिहासिक डील है। उन्होंने कहा कि यह अमेरिकी वर्कर्स, हमारे एनर्जी सेक्टर और साउथ टेक्सस के शानदार लोगों की बहुत बड़ी जीत है। रिलायंस के निवेश लिए उन्होंने धन्यवाद दिया।

(विस्तृत खबर पेज-4 पर)

### आईपीएल के शुरुआती 20 मैच का शेड्यूल जारी



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के शुरुआती 20 मैचों का शेड्यूल बुधवार को जारी कर दिया गया है। ओपनिंग मैच 28 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। इसी मैदान में पिछले साल 4 जून को आरसीबी के पहले टाइटल जीतने के बाद हुई विक्ट्री परेड के दौरान भगदड़ मच गई थी और इसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु के मैच कर्नाटक सरकार की एक्सपर्ट कमेटी से मंजूरी के बाद ही होंगे। एक्सपर्ट कमेटी 13 मार्च 2026 को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण करेगी। (विस्तृत खेल पेज पर)

## आंख मारने वाले स्पीकर पर उठा रहे सवाल : अमित शाह

» बिरला को हटाने वाला अविश्वास प्रस्ताव खारिज

» सदन की कार्यवाही के दौरान भेदभाव करने का लगाया था आरोप

» शाह ने राहुल पर जमकर साधा निशाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में बुधवार को स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने वाला अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हो गया। उन पर सदन की कार्यवाही के दौरान भेदभाव करने का आरोप था। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने 56 मिनट की स्पीच दी। उन्होंने इस दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और गिनाया कि 17वीं, 18वीं लोकसभा में बोलने के लिए कितना समय मिला। उन्होंने साफ कहा कि सदन नियम से चलेगा। स्पीकर को नियमों के उल्लघंन पर रोकने और टोकने का अधिकार है। ये सदन मेला नहीं है, जो नियम से नहीं चलेंगे,उनका माइक बंद होगा। गृह मंत्री ने आगे कहा- राहुल सदन में पीएम मोदी से आकर गले लग जाते हैं। आंख मारते हैं। फ्लाइंग किस देते हैं। मुझे तो बोलने में भी शर्म आती है। ये स्पीकर के आचरण पर सवाल करते हैं। अपने आचरण पर



भी तो सवाल करिए। शाह के जवाब के दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया और 'अमित शाह माफी मांगो' के नारे लगाए। शाह ने कहा कि दिल्ली में एआई समिट हुआ। 80 देशों की बड़ी कंपनियां आईं। 20 से ज्यादा देशों के राष्ट्राध्यक्ष आए और कांग्रेस के लोग वहां कपड़े उतारकर वहां प्रदर्शन करने लगे। वे कहते हैं कि ये उनका अधिकार है।

(संबंधित खबर पेज-5 पर)

### साइकिल पर स्कूल से घर लौट रहा था, मारपीट कर हुए फरार

## कुरुक्षेत्र में 8वीं कक्षा के छात्र को तीन युवकों ने घोंपा चाकू

**कुरुक्षेत्र (हरिभूमि न्यूज)।** जिले में स्कूल से साइकिल पर घर लौट रहे 8वीं क्लास के छात्र पर तीन युवकों ने रास्ता रोककर चाकू से हमला कर दिया। पेट के साइड में चाकू लगने से छात्र बुरी तरह घायल हो गया। अभी छात्र का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। कलाल माजरा गांव के रहने वाले ज्ञानेंद्र ने बताया कि वह सेक्टर-3 में कपड़े प्रेस करके परिवार का गुजारा चलाता है। उसका 12 साल का बेटा महेंद्र गांव के ही सरकारी स्कूल में पढ़ता है। उसका बेटा महेंद्र स्कूल से साइकिल पर घर की ओर आ रहा था, तभी कुछ युवक अचानक सामने आ गए और उसे घेर लिया। उन्होंने महेंद्र के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान उनमें से एक युवक ने महेंद्र पर चाकू से वार कर दिया। पेट में चाकू लगते ही उसका बेटा महेंद्र लहूलुहान हो गया। उसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। उसके बेटे की किसी से कोई रंजिश नहीं है और ना उसका किसी के साथ कोई झगड़ा हुआ।

- पेट के साइड में चाकू लगने से छात्र बुरी तरह हो गया घायल

### आईडीएफसी बैंक फ्रॉड

## हरियाणा-चंडीगढ़ समेत 19 ठिकानों पर ईडी का छापा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में 590 करोड़ के बैंक फ्रॉड केस में अब ईडी की एंट्री हो गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के चंडीगढ़ जोन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए केस से जुड़े लोगों के 19 ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। बड़े पैमाने पर रेड के बाद केस से जुड़े अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। आईडीएफसी बैंक फ्रॉड से जुड़े लोगों के द्वारा की गई पैसों की हेराफेरी और मनी ट्रेल का पता लगाने के लिए ईडी कार्रवाई कर रही है। जांच के अनुसार हरियाणा सरकार की विभिन्न एजेंसियों द्वारा लगभग 590 करोड़ रुपये की राशि बैंक में जमा कराई गई थी।

**रिभव ऋषि का सीए गिरफ्तार**

#### ज्वेलर्स-बिजनेसमैन के यहां छापेमारी

ईडी के अनुसार मामले में बिजनेस संस्थाओं, पूर्व बैंक अधिकारियों, घोटाले से लाभ पाने वाले लोगों और कुछ रियल एस्टेट एजेंटों के ठिकानों पर भी तलाशी ली जा रही है। जांच में चंडीगढ़ के एक होटल कारोबारी विक्रम वाधवा का नाम भी सामने आया है।

#### अंकुर को रिमांड पर लिया

उधर, एसीबी की टीम ने मास्टरमाइंड रिभव ऋषि के सीए अंकुर को गिरफ्तार कर लिया है। अंकुर ने एसआरआर गुरु के नाम से कंपनी बनाई थी। जिसमें वह रिभव ऋषि की मां के साथ 50 प्रतिशत का पार्टनर है। अंकुर की इस कपंनी में रिभव ने सरकारी विभाग का 45 करोड़ रुपये भेजा था। आरोपी अंकुर को कोर्ट में पेश कर 4 दिन के रिमांड पर लिया है।

### घरेलू विवाद में पत्नी को कुल्हाड़ी से काटकर ट्रेन के सामने कूदा पति

**चरखी दादरी।** रावलधी गांव में बीती रात घरेलू विवाद के चलते एक व्यक्ति ने पहले अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी उसके बाद आरोपी ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। बीती रात रावलधी गांव निवासी शक्ति का अपनी पत्नी गंगा के साथ किसी बाद को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि शक्ति ने गंगा पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। महिला की गर्दन और शरीर पर कई वार किए गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी की हत्या कर आरोपी पति ने रेलवे ट्रैक पर चलती ट्रेन के सामने कूद जान दे दी। महिला की हत्या की सूचना उनकी बेटी ने अपने चाचा को दी। इसके बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पलिस को सूचना दी। सुबह शक्ति का शव रेलवे लाइन पर पड़ा होने की जानकारी मिली। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक पड़ताल में मामला घरेलू विवाद से जुड़ा हुआ लग रहा है। मामले की हर एंगल से जांच की जाएगी।

## लैंडिंग के दौरान एअर इंडिया एक्सप्रेस का निकला पहिया

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

थाईलैंड में एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट बुधवार दोपहर लैंडिंग के दौरान हादसे का शिकार हो गई। विमान के रनवे पर उतरते ही उसका नोज गियर टूट गया और आगे का पहिया अलग हो गया। फ्लाइट हैदराबाद से फुकेट जा रही थी। थाई अखबार द नेशन के मुताबिक घटना के बाद कुछ समय के लिए रनवे बंद करना पड़ा, हालांकि विमान में सवार सभी 133 यात्री सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह फ्लाइट तय समय से पहले फुकेट पहुंच गई थी। विमान का निर्धारित लैंडिंग का समय सुबह 11:40 था, लेकिन यह 11:24 बजे ही उतर गया। बताया जा रहा है कि विमान की लैंडिंग काफी तेज हुई, जिसकी वजह से उसके आगे वाले लैंडिंग गियर को नुकसान पहुंचा। पहिया अलग हो जाने की वजह से विमान तुरंत रनवे से हटाया नहीं जा सका। एयरपोर्ट अधिकारियों ने स्थिति को जल्दी काबू में कर लिया। विमान में सात क्रू सदस्य, 131 यात्री और दो बच्चे सवार थे। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

**133 लोग सवार थे**

थाईलैंड में नोज गियर टूटा, सभी यात्री सुरक्षित, विमान की तेज लैंडिंग के कारण हुआ हादसा

### माता-पिता ने लगाई थी गुहार, बेंच ने फैसले पर लगाई मुहर

#### चौथी मंजिल से गिरा था बीटेक का छात्र

## सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार दी इच्छामृत्यु की इजाजत, 13 वर्ष से कोमा में हैं हरीश राणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इच्छामृत्यु मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के युवक हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की मंजूरी दे दी। गाजियाबाद के रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। देश में इस तरह का यह पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे। पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की इच्छामृत्यु देने की अपील पर सुनाया।



#### लाइफ सपोर्ट हटाने का निर्णय दो आधार पर

- यह हस्तक्षेप चिकित्सा उपचार की श्रेणी में आता हो।
- यह मरीज के सर्वोत्तम हित में हो।

अदालत ने यह भी कहा कि डॉक्टर का कर्तव्य मरीज का इलाज करना है, लेकिन जब मरीज के ठीक होने की कोई संभावना न हो, तो यह कर्तव्य उसी रूप में कायम नहीं रहता। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पैसिव यूथेनेशिया पर कानून बनाने पर विचार करने को भी कहा।

#### रिकवरी की कोई गुंजाइश नहीं

दिल्ली में जन्मे हरीश राणा चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए। इसकी वजह से उनके पूरे शरीर में लकवा मार गया और वह कोमा में चले गए। वह न कुछ बोल सकते हैं और न ही महसूस कर सकते हैं। डॉक्टर्स ने हरीश को क्वाड्रिप्लेजिया बीमारी से पीड़ित करार दिया। इसमें मरीज पूरी तरह से फीडिंग ट्यूब यानी खाने-पीने की नली और वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर रहता है। इसमें रिकवरी की कोई गुंजाइश नहीं होती। 13 साल से बिस्तर पर पड़े होने की वजह से हरीश के शरीर पर बेडसोर्स यानी गहरे घाव बन गए हैं। परिवार के लिए उन्हें ऐसे देखना मानसिक रूप से बेहद कठिन हो गया है। वेंटिलेटर, दवाइयों, नर्सिंग और देखभाल पर कई साल से इतना खर्च हो चुका है कि परिवार आर्थिक रूप से टूट चुका है।



## खबर संक्षेप

### मंत्री विपुल गोयल के निजी सचिव मुकेश पदोन्नत



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने हरियाणा सचिवालय में काम कर रहे पांच निजी सचिवों (पीए) को पदोन्नति देते हुए सचिव बना दिया है। इन्हें नियमों में छूट देकर प्रमोट किया गया है। मंत्री विपुल गोयल के निजी सचिव मुकेश कुमार अत्री को पदोन्नति देकर सचिव बनाया गया है। इनके अलावा मधुबाला, सुनीता देवी, सुमित्रा, ममता को भी पदोन्नति दे दी गई है।

### बिजली शिकायतों पर सुनवाई आज से

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों (करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और रोहतक) के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण रोहतक जोन की उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की कार्यवाही बृहस्पतिवार को रोहतक कार्यालय में होगी।

### एलपीजी संकट से उपभोक्ता परेशान : राव

**चंडीगढ़।** खाड़ी युद्ध (विशेष रूप से अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष) का असर भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। कच्चे तेल और एलपीजी की अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति प्रभावित होने से ऊर्जा संकट गहरा गया है, जिसका सीधा प्रभाव आम उपभोक्ता पर पड़ रहा है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में इस मुद्दे पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि खाड़ी युद्ध के कारण कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति बाधित होने से देश में घरेलू गैस सिलेंडरों के दाम बढ़े हैं।

### हाईटेंशन तार से दो युवकों को करंट लगा

**नूंह।** जिले के गांव मुलथान में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। गली में नीचे लटक रहे हाई वोल्टेज बिजली के तारों की चपेट में आने से दो युवक बुरी तरह झुलस गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहिद और सहबान गली से गुजर रहे थे। इसी दौरान वे वहां नीचे की ओर झुके हुए बिजली के नंगे तारों के संपर्क में आ गए। करंट इतना जोरदार था कि दोनों युवक उसकी चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। हादसे में वाहिद पुत्र मुबीन की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि सहबान पुत्र सलीम गंभीर रूप से घायल हो गया।

### केएमपी पर हादसा वाहन में आग लगी

**नूंह।** कुंडली - मानेसर - पलवल एक्सप्रेसवे पर थाना रोजका मेव क्षेत्र के अंतर्गत गांव खेड़ा खलीलपुर के नजदीक बुधवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। दो वाहनों एक महिंद्रा पिकअप और एक फोर व्हीलर बड़े वाहन के आपस में टकराने से पिकअप गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें आग लग गई।हादसे में पिकअप गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला इंडो कनाडा चेंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल

# हरियाणा-कनाडा स्मार्ट गवर्नेंस और एआई के क्षेत्र में सहयोग करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को अपने आवास संत कबीर कुटीर पर इंडो-कनाडा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में आए एक प्रतिनिधिमंडल के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा कनाडा के साथ बढ़ते सहयोग को एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में वे देश और क्षेत्र तेजी से प्रगति कर रहे हैं, जो ज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी पर आधारित साझेदारियां स्थापित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा और कनाडा कई ऐसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर सकते हैं, जिनसे साझा प्रगति और सतत विकास का एक मजबूत मॉडल तैयार किया जा सकता है।

- शिक्षा, कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

### संयुक्त डिग्री कार्यक्रम से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

मुख्यमंत्री ने शिक्षा और कौशल विकास के महत्व पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य हरियाणा के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। कनाडा की एप्लाइड लर्निंग, पॉलिटेक्निक शिक्षा और सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण प्रणाली अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं। संयुक्त डिग्री कार्यक्रम, कौशल विकास कार्यक्रम, एक्सपिरियंस लर्निंग और इंडस्ट्री इंटिग्रेटिड पाठ्यक्रम जैसे क्षेत्रों में साझेदारी से युवाओं के लिए नए अवसर सृजित हो सकते हैं।

### कोल्ड-चेन इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत

कृषि और एग्री-टेक के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रिसिजन फार्मिंग, पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट, फूड प्रोसेसिंग और कोल्ड-चेन इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में सहयोग से हरियाणा के किसानों की उत्पादकता और आय दोनों को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।उन्होंने कहा कि स्टार्टअप, नवाचार और तकनीकी उद्यमिता भी परस्पर सहयोग के लिए एक बड़ा क्षेत्र है। हरियाणा निरंतर नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है और कनाडा का वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित टेक स्टार्टअप इकोसिस्टम राज्य के प्रयासों को और मजबूती प्रदान कर सकता है। इन्क्यूबेशन सपोर्ट, अनुसंधान सहयोग, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और उद्यमिता कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों प्रांतों के युवाओं और उद्यमियों को नए अवसर मिल सकते हैं। मुख्यमंत्री ने पर्यटन क्षेत्र में भी व्यापक संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पर्यटन प्रबंधन के क्षेत्र में कनाडा का अनुभव हरियाणा के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल हरियाणा और कनाडा के बीच दीर्घकालिक और संस्थागत सहयोग की मजबूत आधारशिला बन सकती है।

## थर्मल पावर प्लांट के लिए कोल सप्लाई व रखरखाव की मंजूरी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनस्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, शहरी स्थानीय निकाय, कृषि, बिजली निगम सहित कई विभागों के लिए आवश्यक उपकरण खरीद को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा कई विकास परियोजनाओं के निर्माण के लिए भी टेंडर प्रक्रिया सम्पन्न की गई। बैठक में 675.82 करोड़ रुपए के कुल 15 एजेंडे रखे गए। निगोसिएशन के बाद 657.82 करोड़ रुपए में छोड़े गए। इस प्रकार सरकार को लगभग 68.13 करोड़ रुपए की बचत हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक में यमुनानगर व पानीपत थर्मल पावर प्लांट में आटोमेटिड कोयला सप्लायर एवं रखरखाव के लिए प्रक्रिया पूरी की।

### ठोस कचरा प्रबंधन के लिए टेंडर रेट्स को स्वीकृति

वहीं शहरी स्थानीय निकाय विभाग की हाई पावर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न नगर निकायों से जुड़े स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबंधन से संबंधित कार्यों के टेंडर रेट्स को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में स्वीकृत किए गए विभिन्न कार्यों के टेंडरों की कुल लागत लगभग 90 करोड़ 66 लाख रुपये है। नेगोशिएशन के माध्यम से लगभग 4 करोड़ 17 लाख रुपये की बचत सुनिश्चित की गई है।

## पंचकूला में दो दिवसीय वसंत उत्सव कल से सीएम करेंगे शुभारंभ



**चंडीगढ़।** पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण (पीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के. मकरंद पांडुरंग ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सेक्टर-5 स्थित टाउन पार्क में 13 से 15 मार्च तक आयोजित होने वाले वसंत उत्सव-2026 की तैयारियों की समीक्षा के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त सतपाल शर्मा भी उपस्थित रहे। सीईओ के. मकरंद पांडुरंग ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 13 मार्च को मुख्य अतिथि के रूप में वसंत उत्सव-2026 का शुभारंभ करेंगे, जबकि 15 मार्च को समापन समारोह में हरियाणा के मुख्य सचिव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि तीनों दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उत्सव का सफल आयोजन किया जाए। पीएमडीए की ओर से अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी को इस तीन दिवसीय उत्सव का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

- पीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पांडुरंग ने बैठक ली

**250 स्कूलों को मिलेंगे दो दो करोड़ रुपये**

## पीएम श्री स्कूलों को गोद लेंगे एचसीएस अधिकारी

**चंडीगढ़।** प्रदेश में स्कूली शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रदेश के हर पीएम श्री स्कूल को बुनियादी ढांचे की मजबूती के लिए 2 साल तक 2 करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी। स्कूलों में सभी शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पद प्राथमिकता आधार पर भरे जाएंगे, साथ ही, जिलों में तैनात एचसीएस अधिकारी कम से कम एक पीएम श्री स्कूल को गोद लेकर इनके मार्गदर्शन और निगरानी की जिम्मेदारी निभाएं ताकि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बुधवार यहां पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इन स्कूलों की बुनियादी और शैक्षणिक जरूरतों का आकलन करने और कार्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।



### डीसी व एडीसी की अध्यक्षता में समितियां गठित होगी

बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिया की उपायुक्तों और अतिरिक्त उपायुक्तों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों का गठन किया जाए। प्रदेश में योजना के विभिन्न चरणों के तहत कुल 250 पीएम श्री स्कूलों का चयन किया गया है। प्रथम चरण में 124 जबकि दूसरे चरण में 111 स्कूलों को शामिल किया गया। तीसरे चरण में 6 और चौथे चरण में 9 स्कूलों का चयन किया गया। इस तरह योजना के माध्यम से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों को व्यापक रूप से शामिल किया गया है।

**स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया**

## बाहर की दवाई लिखने पर तीन चिकित्सकों को तलब किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बुधवार को सेक्टर-6 नागरिक अस्पताल पंचकूला का औचक निरीक्षण किया। मंत्री के अचानक ही पहुंचने के कारण चारों तरफ हड़कंप मच गया साथ ही प्रशासनिक स्टाफ व्यवस्था सुधारने में लग गए। मंत्री ने विभिन्न वार्डों का दौरा कर वहां इलाज के लिए आए मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया।

इस दौरान उन्होंने महानिदेशक स्वास्थ्य विभाग और सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुछ मरीजों द्वारा अस्पताल से बाहर की दवाइयां लिखे जाने की शिकायत भी स्वास्थ्य मंत्री के संज्ञान में लाई गई । इस पर उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए तीन डॉक्टरों को तलब किया और अस्पताल प्रशासन को कड़े निर्देश दिए कि मरीजों को उपलब्ध दवाइयां अस्पताल से ही प्रदान की जाएं। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल की इमरजेंसी, लेबर रूम, एनआईसीयू वार्ड, ओपीडी, आईसीयू, ईएनटी, ऑर्थोपेडिक विभाग सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के स्टॉफ का भी ब्योरा तलब किया।



- मरीजों की शिकायत पर स्वास्थ्य मंत्री आरती राव की कार्रवाई

**डिमांड नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, **डिमांड नोटिस की तिथि** के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति ( अचल सम्पत्ति ) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्रीमती रेनु बाला रेनु ब्यूटी पार्लर एंड ट्रेनिंग सेंटर, श्री राकेश कुमार (प्रोस्पेक्ट नं. IL10586143) | 09-मार्च-26, रु. 716759/- (रुपये सात लाख सोलह हजार सात सौ उनसठ केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- दर्शन खुर्द, वशिष्ठ कॉलोनी, वार्ड नं. 10, थानेसर, तहसील थानेसर व जिला कुरुक्षेत्र-136128 में स्थित खेवट नं. 442/1426, खतौनी नं. 577, मुरब्बा नं. 59, खसरा नं. 3 (7-7) में निहित मकान नं. 1943 (पार्ट), एम.सी. सम्पत्ति आई.डी. नं. Htmcw1000806 (पार्ट), क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 500 |
| श्री सागर श्रीमती सुमन सागर सिलाई केन्द्र (प्रोस्पेक्ट नं. IL10278743) | 09-मार्च-26, रु. 1103281/- (रुपये ग्यारह लाख तीन हजार दो सौ इक्यासी केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- प्लॉट वीएकेएन न्यू शिव कॉलोनी, तहसील व जिला करनाल, हरियाणा-132001 में स्थित खेवट नं. 2523, खतौनी नं. 3867, खसरा नं. 1571 मिन (2-7) में निहित सम्पत्ति आई.डी. नं. 105c2528u73, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 900 |
| श्री योगेश कुमार श्री मैनपाल श्रीमती धीरो देवी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10634423) | 09-मार्च-26, रु. 732759/- (रुपये सात लाख बत्तीस हजार सात सौ उनसठ केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- तहसील व जिला कैथल, हरियाणा-136027 में स्थित खेवट नं. 267, खसरा नं. 743 (2-10) में निहित सम्पत्ति, खेवट नं. 183 में निहित सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1182 |
| श्रीमती हुकमा देवी, श्री मुकेश कुमार हुकमा मिल्क डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10771075) | 09-मार्च-2026, रु. 555098/- (रुपये पांच लाख पचपन हजार अठानवे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- मकान नं. 328, राथाली, लहरपुर, निकट गुरु रविदास मंदिर, यमुनानगर, हरियाणा, भारत-133204, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 4077 |
| श्री विक्रम श्री सत्यबीर श्रीमती रेखा रानी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10971712) | 09-मार्च-26, रु. 948416.98/- (रुपये नौ लाख अड़तालीस हजार चार सौ सोलह और अठावने पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- PPID-6AD47TR4, मकान नं. 221, वार्ड नं. 2, असंध, असंध, पुराना गुरुद्वारा, करनाल, हरियाणा, भारत-132039 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 681 |
| श्री रणदीप सिंह श्रीमती मूर्ति नैन डेयरी फार्म (प्रोस्पेक्ट नं. IL10986792) | 09-मार्च-26, रु. 1100657.4/- (रुपये ग्यारह लाख छह सौ सतावन और चालीस पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- गांव संघान, तहसील कैथल, जिला कैथल-136117 में स्थित वर्ष 2021 2022 और मुटेशन नं. 2919 के लिए जमाबंदी के अनुरूप खेवट नं. 330, खसरा नं. 276, 277, 366 किता 03 में निहित कुल भूमि माप 01 कनाल 06 मरला का 423/2600 हिस्सा मकान क्षेत्रफल, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1149 |
| श्री परमजीत श्री राजेश कुमार सॉफ्टनेट (प्रोस्पेक्ट नं. IL11057166) | 09-मार्च-2026, रु. 597307/- (रुपये पांच लाख सतानवे हजार तीन सौ सात केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- श्याम नगर पटियाला चौक, जीन्द, तहसील व जिला जीन्द-126102 में स्थित खेवट नं. 834, खाता नं. 985, खसरा नं. 126 किल्ला नं. 35/1(6-0) में निहित सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 540 |
| श्री करनैल सिंह, श्री अंकुश, श्री विकास, श्रीमती कविता, करनैल सिंह (प्रोस्पेक्ट नं. IL10810330) | 10/03/2026, रु. 2300558/- (रुपये तेईस लाख पांच सौ अठावन केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- खेवट/खाता नं. 201/328, गांव हंसदेहर, निरवाना तहसील, जीन्द जिला, हरियाणा 126102 वाली सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : : Land_Area, Carpet_Area, Built_Up _Area , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1113.7, 1546.20, 1819.00. |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से **शाखा कार्यालय : करनाल** - एससीओ-408, **जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा** 132001 / 1176/3, प्रथम तल, नवल सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103 अथवा **कॉर्पोरेट कार्यालय :** आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 12.03.2026 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

## हाईकोर्ट ने शिक्षकों व खेल सुविधाओं का ब्योरा मांगा

**चंडीगढ़।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों और शिक्षकों के अनुपात को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने राज्य सरकार से शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत निर्धारित मानकों के अनुरूप विस्तृत आंकड़े पेश करने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने पिछली सुनवाई के दौरान दिए गए आदेश के बावजूद जवाब दाखिल न करने पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि यदि अगली सुनवाई तक सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया तो अदालत इस मामले में सख्त आदेश जारी कर कार्रवाई कर सकती है। अदालत ने स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वह इस मामले में 21 अप्रैल तक विस्तृत हलफनामा दाखिल करें। इस हलफनामे में सरकारी स्कूलों में शिक्षक अनुपात और बुनियादी सुविधाओं की वास्तविक स्थिति स्पष्ट रूप से बताना होगी।



- 21 अप्रैल तक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का आदेश

## गैस न मिलने से रसोई और रोजगार दोनों खतरे में : ढांडा

**चंडीगढ़।** देश में तेजी से गहराते एलपीजी संकट को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने केंद्र की भाजपा सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता उस स्थिति में पहुंच गई है जहां रसोई गैस जैसी बुनियादी जरूरत भी लोगों को आसानी से उपलब्ध नहीं हो रही। देश के कई राज्यों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं और होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और छोटे कारोबार बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। ढांडा ने कहा कि देश में एलपीजी उत्पादन में भारी गिरावट आई है और कई जगहों पर सिर्फ 2 से 3 दिन का ही गैस स्टॉक बचा है। हालात इतने गंभीर हैं कि कई राज्यों में कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई रोक दी गई है और घरेलू सिलेंडर की बुकिंग के लिए 20 से 25 दिन तक का इंतजार करना पड़ रहा है। सरकार की इस लापरवाही का खामियाजा सीधे आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट, क्लाउड किचन और छोटे फूड कारोबार पूरी तरह एलपीजी पर निर्भर होते हैं। लेकिन अब हालात ऐसे हो गए हैं कि कई शहरों में होटल मालिकों कोयले का प्रयोग करने पर मजबूर हो रहे है।



**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

**विषय : उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में मनोविज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर ( कॉलेज कैडर ) के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा ( विज्ञा. सं. 63/2024 )**

नीचे वर्णित पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में मनोविज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 63/2024 | 22.03.2026 पूर्वा. 10:00 बजे से अप. 1:00 बजे तक |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात **https://hpsc.gov.in** पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 16.03.2026 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके हैं, को परीक्षा में बैठने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 10.03.2026 — हस्ता/- उप सचिव
संवाद-1156/13/379/2026/43720/88/6 दि. 11.03.26 — हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

# राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस रणनीति बनाने में जुटे

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों के लिए कांग्रेस और भाजपा से एक-एक उम्मीदवार के अलावा तीसरे निर्दलीय के मैदान में कूदने से मामला रोचक हो गया है। इसके साथ ही क्रास वोटिंग और तीसरे उम्मीदवार को लेकर तमाम तरह की चर्चाओं को पंख लगे हुए हैं। भाजपा के कईं सियासी दिग्गज पूरी तरह से सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल से लेकर अन्य भी कईं दिग्गजों के आने जाने नेताओं के साथ गुप्त बैठकों का दौर चल रहा है, भले ही भाजपा इसे अपनी पार्टी की रणनीति कहे लेकिन दूसरे खेमे कांग्रेस में चिंता व्याप्त है। उसके बावजूद सभी कांग्रेस नेता एक एक वोट को लेकर आश्वस्त होने का दावा कर रहे हैं। प्रदेश दो सीटें यहां पर खाली हो रही हैं। भाजपा ने संजय भाटिया को मैदान में उतारा है। जबकि कांग्रेस ने दलित नेता कर्मवीर सिंह बौद्ध को प्रत्याशी बना दिया है। इसके अलावा भाजपा नेता रोहतक के रहने वाले सतीश नांदल भी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान अचानक ही कूदे हैं। सूत्रों अनुसार, कर्मवीर सिंह बौद्ध को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद कांग्रेस में अंदरखाने बड़ा असंतोष व्याप्त है। इसके बाद में भाजपा ने सतीश नांदल पर दांव खेल डाला है।

- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल सहित अन्य नेता सक्रिय
- कांग्रेस का दावा, सभी विधायक एकजुट

### निर्दलीय के लिए वोटों का गणित

90 सदस्यों वाली विधानसभा में गणित की बात करें, तो भाजपा के पास 48 विधायक हैं। जबकि उसे तीन निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल, देवेंद्र कादयान और राजेश जून का समर्थन हासिल है। विधानसभा में कांग्रेस 38 और इनेलो के दो विधायक हैं। नियमों के हिसाब से राज्यसभा की एक सीट पर जीत के लिए 31 विधायकों की पहली वरीयता का वोट जरूरी है। आंकड़ों के हिसाब से भाजपा और कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी की जीत तय है। सतीश नांदल को बीजेपी के बचे 17 और 3 निर्दलीयों का समर्थन मिल सकता है। एक दौर में इनेलो मे रहे सतीश नांदल के चौटाला परिवार में भी बेहतर संबंध हैं। इनेलो के दो वोट प्राप्त करना उनके लिए कोई मुश्किल बात नहीं होगी। जीत के लिए 11 विधायकों के वोट की जरूरत होगी। अब तय माना जा रहा है कि कांग्रेस की ओर से क्रास वोटिंग का मामला बनेगा।

### शिक्षकों के तबादलों का शेड्यूल जारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के स्कूल शिक्षा विभाग ने पीएम श्री और राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों के शिक्षकों के तबादला अभियान का कार्यक्रम जारी कर दिया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार यह प्रक्रिया 12 मार्च से शुरू होकर 4 अप्रैल 2026 तक चलेगी।जारी शेड्यूल के अनुसार 12 से 14 मार्च तक वास्तविक, स्वीकृत और काल्पनिक रिक्तियों का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 15 से 18 मार्च तक शिक्षकों के लिए स्वैच्छिक भागीदारी का विकल्प उपलब्ध रहेगा।

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | E-NITNO.34/XENTSDIVHVPNLHISAR/2025-26 DATED 27.11.2025 TENDERREF.NO./E-TENDERID 2025_HBC_485976_1 2025EA22A4F4CFE14SED97B3 9AFA98C73668967HVP | बोली खुलने की तिथि - 27.11.2025 को 16:00 बजे, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 15.04.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | NIETNO.15/TS/PWL/2025-26,DATED27.02.2026 (REFERENCE NO.20261359C67243BD479C91ED D25B624944F1977HVP) FORTHEWORKOFAUGMENTATIONOF EXISTING 66KV DOUBLE BUS BAR WITH SINGLE ZEBRA ACSR CONDUCTOR TO 66KV DOUBLE BUS WITH TWIN ZEBRA ACSR CONDUCTOR AT 66KV S/STN., NUH (TENDER ID- 2026_HBC_505713_1) (DNITNO.0227202616-43-05/153692) | ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 18.03.2026 तक बढ़ा दी गई है (पलवल)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | NIET NO. 16/TS/PWL/2025-26, DATED 27.02.2026(REFERENCE NO. 20260873BEDF 8C3A 4EE8 8697 302AB80048F6977HVP) FOR THE WORK OF REPLACEMENT OF DETERIORATED,OB SOLETEANDOUTLIVED04NO.220KVBUS ISOLATORSAND02 NO.220KVL&ESWITCHESOF220KVPALWAL- PRITHLA CKT-1 AND CKT-2 AT 220KV, S/STN. HVPNL, PALWAL (TENDER ID-2026_HBC_505718_1) (DNITNO.0227202616-63-10/153706) | ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 18.03.2026 तक बढ़ा दी गई है (पलवल)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/100/43746/I/88/6 दि. 11.03.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | कैथल में जिला उद्योग केन्द्र का निर्माण (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल) + 6 कार्य। | 10.03.2026 16.03.2026 | 108.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हांसी | हांसी जिले में मौजूदा एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स अब डीसी कार्यालय में सम्मेलन हॉल का पुनरोद्धार (जीएसटी के बिना)। | 10.03.2026 16.03.2026 | 16.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | जीन्द में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स, नरवाना में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधाएं (13 पैसेंजर लिफ्टों का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 10.03.2026 17.03.2026 | 25.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | संवर्धन कैनाल कॉलोनी, मेरठ रोड, करनाल में कोठी नं. 5 का पुनरोद्धार + 1 कार्य। | 10.03.2026 17.03.2026 | 23.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2258008 xeninddivn@yahoo.in |
| 5 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | रूपावास - आरसीसी पाइप इनलेट चैनल को बदलना, पेंटिंग, डिस्टेम्परिंग और स्नोसेम, वितरण पाइप लाइन, स्लूइस वॉल्व हौदियां बिछाना, कनेक्शनों की बहाली और नये कनेक्शन तथा रूपावास में उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 09.03.2026 24.03.2026 | 128.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2026/100/43745/I/88/6 दि. 11.03.26

## नूंह में दो जगह पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़

# एटीएम लुटेरे को छुड़वाने आई भीड़ पर मेघालय पुलिस ने चलाई गोली, 1 घायल

क़ासिम खान ▶▶| नूंह

जिले के थाना पिनगवां क्षेत्र में मेघालय पुलिस की टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी को छुड़वाने के दौरान बवाल मच गया। पुलिस ने भीड़ से बचने के लिए इस दौरान आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें एक युवक के पैर में गोली लगी। घायल युवक को रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया गया है।

प्रेसवार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नूंह आयुष यादव ने बताया कि मेघालय पुलिस के सब - इंस्पेक्टर अर्किडालांग वाहलांग ने दी शिकायत में बताया कि उनकी टीम एटीएम लूट के मामले में गिरफ्तार आरोपी राहुल पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी बाजीदपुर को लेकर मेघालय ले जा रही थी। आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर जाते समय मंगलवार शाम को जब पुलिस टीम गांव शिकरावा के पास एच आर 93 डोंगा होटल के नजदीक पहुंची तो आरोपी ने वाहन रुकवाने की जिद की और अचानक स्टेयरिंग पकड़कर गाड़ी को पलटाने की कोशिश की, ताकि वह पुलिस हिरासत से भाग सके। इसी दौरान मौके पर 20-30 लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई, जिसमें कुछ महिलाएं भी शामिल थीं। भीड़ ने पुलिस वाहन को घेर लिया, गाड़ी की चाबी छीनने की कोशिश की और पुलिस के हथियार छीनने का प्रयास किया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस कर्मियों ने भीड़ को तितर - बितर करने के लिए आत्मरक्षा में फायरिंग की। इस दौरान शिकरावा निवासी तारीफ खान के पैर में गोली लग गई। शिकायत में 12 लोगों को नामजद करते हुए बताया गया कि इन्होंने मिलकर पुलिस पार्टी पर हमला किया और आरोपी को छुड़ाने की कोशिश की। घटना की सूचना मिलने पर पिनगवां पुलिस मौके पर पहुंची, जहां से दो खाली कारतूस, खून के नमूने और खून से सनी पेंट बरामद की गई। आरोपी राहुल ने असम और अरूणाचल प्रदेश में भी एटीएम काटने की वारदातों को अंजाम दिया है।



पुलिस की गोली से घायल हुआ आरोपी।

### ज्वेलरी शॉप में लूट केस के आरोपी का एनकाउंटर

**नूंह।** जिले के पुन्हाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में पांच हजार रुपये का इनामी वांछित आरोपी घायल हो गया। आरोपी पर पिछले साल ज्वेलरी शॉप में लूट के प्रयास का मामला दर्ज था। घायल आरोपी को उपचार के लिए नलहड़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। प्रेसवार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष यादव ने बताया कि पुन्हाना सीआईए की टीम निरीक्षक संदीप मोर के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम के लिए गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि वांछित आरोपी आमिर पुत्र इस्माइल निवासी बुलंदशहर खैचातान शिकरावा रोड होते हुए अपनी ससुराल गांव नई जाने वाला है। करीब 15 - 20 मिनट बाद एक मोटरसाइकिल पर सवार युवक पुलिस की ओर आता दिखाई दिया। रुकने का इशारा करने पर उसने फायर कर दिया, जिसमें एएसआई दलवीर बाल-बाल बचे। भागते हुए मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने पर वह गिर गया। आरोपी ने दोबारा फायर कर दिया। बचाव में पुलिस ने फायर किया और गोली आरोपी के पैर में लगी।





# धुंध में खड़े ट्रक में घुसी कार, एनआरआई दंपति की मौत

- युद्ध के कारण अमेरिका से अमृतसर की सीधी फ्लाइट हो गई थी रद्द, दिल्ली से कार में जा रहे थे पंजाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत में जीटी रोड पर रोहतक बाइपास के पास जियो पेट्रोल पंप के निकट कोहरे के कारण बीच सड़क पर खड़े खराब ट्रक से पीछे से आ रही टैक्सी टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टैक्सी के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार एनआरआई दंपति 63 वर्षीय रंजीत संधू व इनकी 61 वर्षीय पत्नी सतिंद्र कौर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इनके रिश्तेदारों को सूचित कर पानीपत बुलाया। पुलिस जांच में पता चला कि रंजीत संधू का अमेरिका में ट्रांसपोर्ट का कारोबार था। वहीं संधू दंपति अमेरिका से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे थे और वहां से अमृतसर जाने के लिए उन्होंने टैक्सी किराये पर ली थी। रिश्तेदारों ने बताया कि संधू दंपति की अमेरिका से फ्लाइट अमृतसर की थी, लेकिन अमेरिका-इजरायल युद्ध के कारण उनकी टिकट रद्द हो गई और फिर उन्होंने दिल्ली की टिकट खरीदी थी। रिश्तेदारों ने बताया कि करीब छह माह पहले संधू दंपति के इकलौते पुत्र की हृदयघात से अमेरिका में मौत हो गई थी। जबकि संधू दंपति अपने पीछे एक बेटी छोड़ गए हैं जो अमेरिका में ही रहती है।

### यमुनानगर में 8 वाहन भिड़े, दो घायल



**यमुनानगर।** यमुनानगर में बुधवार सुबह घनी धुंध के कारण सहारनपुर पंचकूला हाईवे पर बड़ा सड़क हादसा हो गया। कैल बाईपास के पास आठ वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में दो ड्राइवर घायल हो गए। जम्मू कश्मीर के स्विफ्ट कार चालक राजेश ने बताया कि वह किसी काम से अकेले रुड़की जा रहा था। सुबह करीब सात बजे जब वह हाईवे से यमुनानगर पार कर कैल बाईपास के पास पहुंचा तो वहां घनी धुंध के कारण दृश्यता बेहद कम थी। तभी अचानक सामने से एक ट्रक से टक्कर हो गई। ट्रक चालक फरार हो गया। पीछे से इस दौरान एक क्रेटा कार ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। फिर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो, डिजायर और दो ट्रक भी एक-दूसरे से टकरा गए और कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटनास्थल से लगभग 100 मीटर पीछे भी धुंध के कारण तीन गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे में एस प्रेसो कार ड्राइवर अंबाला के रावमाजरा के जयपाल व एक अन्य कार चालक घायल हो गया।

# ज्वेलरी शॉप में पिस्तौल दिखा 64 लाख रुपये का सोना लूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सुरूरपुर गांव में 3 बदमाशों ने पिस्तौल के दम पर ज्लेवरी शॉप से करीब 64 लाख रुपये का सोना लूट लिया। स्टोर संचालक के हाथ से सोने का कड़ा भी निकलवा लिया। बदमाश कई डब्बों में रखा करीब 400 ग्राम सोना ले गए।

बुधवार दोपहर करीब 2 बजे 3 बदमाश श्रीजी ज्वेलर्स के शोरूम में बाइक पर सावर होकर आए। एक बदमाश बाहर खड़ा रहा। एक बदमाश ने मालिक पर पिस्टल तान दी, जबकि दूसरे के हाथ में चाकू था। शोरूम मालिक संजय वर्मा का कहना है कि बदमाश ने अंदर घुसते ही जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद अलमारी में रखी गोल्ड की ज्वेलरी निकलवा ली। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## तीन हजार रिश्वत लेते क्लर्क गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बुधवार को ट्रेजरी विभाग के एक क्लर्क को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी क्लर्क हीरालाल पर दवाइयों के बिल पास करने के बदले तीन हजार रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है। एसीबी की टीम ने बुधवार को लघु सचिवालय परिसर में ट्रैप लगाकर आरोपी को 3 हजार रुपये लेते हुए काबू किया है। मिली जानकारी के अनुसार जवाहर चौक स्थित पशु अस्पताल में कार्यरत वीएलडीए सुनील बिश्नोई ने करीब 49 हजार रुपये की दवाइयों की खरीद की थी। नियमानुसार इन दवाइयों के बिल ट्रेजरी विभाग में पास होने के लिए भेजे गए थे। जब वीएलडीए सुनील बिश्नोई ने क्लर्क हीरालाल से इस बारे में बातचीत की तो उसने बिल पास करने के बदले 3 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की।

## ड्यूटी से 3 रिलीव, एक केंद्र पर परीक्षा रद्द

**भिवानी।** हरियाणा बोर्ड की सीनियर सेकेंडरी कंप्यूटर विज्ञान व आईटी एवं आईटीईएस विषय व डीएलएड रि-अपीयर की परीक्षा में प्रदेशभर में अनुचित साधन प्रयोग के 2 मामले दर्ज हुए। यह झज्जर के खुडन में सामने आए। फ्लाइंग द्वारा दादरी के रा.क.व.मा.वि.,बाढड़ा-03 पर छापेमारी के दौरान मोबाइल मिलने व अनियमितताएं पाए जाने पर पर्यवेक्षक अजीत सिंह, लिपिक सुरेन्द्र एवं प्रदीप सेवादार को रिलीव किया गया। प्राचार्य कक्ष में लगे कैमरे चैक किए गए, जिसमें 09 व 11 मार्च को संचालित हुई परीक्षा में सामूहिक नकल करते परीक्षार्थियों को पाया गया। वहीं, पलवल के रा.क.व.मा.वि.,अलावलपुर-02 पर 9 मार्च को संचालित हुई सीनियर सेकेंडरी रसायन विज्ञान व लेखांकन की परीक्षा को रद्द कर दिया है।

## कुरुक्षेत्र विवि में सोशल मीडिया पॉलिसी का विरोध होने पर लगी रोक, अब विद्यार्थियों से मांगे सुझाव

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा बनाई गई सोशल मीडिया की पॉलिसी के विरोध में कुलपति कार्यालय के समक्ष छात्रों ने प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय प्रशासन को अपने यह आदेश वापस लेने ही होंगे। छात्र नेता भारत ने कहा कि इस सोशल मीडिया पॉलिसी में कहा गया है कि यदि कोई छात्र अपने अधिकारों की आवाज उठाते हुए उसे कैमरे में कैद करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, छात्रों की मांग पर विवि प्रशासन ने सूचना जारी की। इसमें वेसाइट पर जारी सोशल मीडिया पॉलिसी पर आवश्यक संशोधनों के लिए सुझाव व प्रतिक्रिया तीन माह तक आमंत्रित की है। नीति पर पुनर्विचार की प्रक्रिया पूरी होने तक उक्त सोशल मीडिया नीति के तहत कोई दंडात्मक या अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।


# गोत्र विवाद में बनवारे पर पथराव पुलिस सुरक्षा के बीच निकाला

- बस्ती में दुल्हन के गोत्र के परिवारों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल



बावल की वाल्मीकि बस्ती में मंगलवार रात बनवारे के दौरान दो पक्षों में पथराव हो गया। जिस युवती के साथ शादी होनी थी, उसके गोत्र के कई परिवार बस्ती में रहते हैं। यह बात उस गोत्र के लोगों को रास नहीं आई। हमले में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। सूचना के बाद दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद पुलिस सुरक्षा के बीच बनवारा निकाला गया। बस्ती में बने तनाव को देखते हुए बुधवार को भी पुलिस बल तैनात रहा। वाल्मीकि बस्ती निवासी अंकित की बुधवार को सारवान गोत्र की लड़की के साथ शादी होनी थी। दूल्हे के चाचा पुष्प कुमार ने कहा कि मंगलवार रात को उनके भतीजे अंकित का बनवारा निकल रहा था। बस्ती में दूसरे पक्ष के लोग पहले से ही तैयार बैठे थे। अचानक उनके घरों से बनवारे पर ईंट-पत्थर बरसने शुरू हो गए, जिससे उनके बेटे अमित सहित कई को चोटें आई। पुष्प कुमारने बताया कि बस्ती में सारवान गोत्र के परिवार रहते हैं। हालांकि पहले भी इस गोत्र में शादी हुई है। अब पुलिस सुरक्षा के बीच बनवारा निकला।



## कामगारों, ऊर्जा क्षेत्र एवं साउथ टेक्सास के लोगों के लिए बड़ी जीत

# रिलायंस टेक्सास में खोलेगी 300 अरब डॉलर की तेल रिफाइनरी

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक्सास में स्थापित की जा रही एक नई तेल रिफाइनरी में निवेश करेगी। उन्होंने इस समझौते के लिए कंपनी और 'भारत में हमारे साझेदारों' का आभार व्यक्त किया। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर एक संदेश में इसे 300 अरब अमेरिकी डॉलर का ऐतिहासिक समझौता बताते हुए कहा कि यह परियोजना उनके प्रशासन के 'अमेरिका फर्स्ट एजेंडा' के कारण संभव हो रही है। उन्होंने कहा कि यह समझौता 'अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा समझौता है और अमेरिकी कामगारों, ऊर्जा क्षेत्र एवं 'साउथ टेक्सास' के लोगों के लिए बड़ी जीत है।' रिलायंस इंडस्ट्रीज की ओर से हालांकि अभी तक इस समझौते को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

### ट्रंप बोले : नई रिफाइनरी अमेरिकी बाजारों को ऊर्जा उपलब्ध कराएगी



ट्रंप ने कहा, ' भारत में हमारे साझेदारों और उनकी सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी रिलायंस को इस बड़े निवेश के लिए धन्यवाद।' उन्होंने कहा कि ब्राउन्सविल बंदरगाह पर बनने वाली नई रिफाइनरी अमेरिकी बाजारों को ऊर्जा उपलब्ध कराएगी, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगी, अमेरिकी ऊर्जा उत्पादन बढ़ाएगी एवं हजारों रोजगार उत्पन्न करेगी। अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, उसे फरवरी में एक 'वैश्विक प्रमुख ऊर्जा कंपनी' से नौ अंकों की राशि का निवेश प्राप्त हुआ है, जिसका मूल्यांकन 10 अंकों में किया गया है।

### 20 वर्ष के लिए आपूर्ति समझौते का प्रारुप तैयार

'अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग' ने यह भी कहा कि उसने उसी वैश्विक ऊर्जा कंपनी के साथ 20 वर्ष के लिए बाध्यकारी आपूर्ति समझौते का प्रारुप भी तैयार किया है, जिसके तहत अमेरिका में उत्पादित ऊर्जा, जो पूरी तरह 'अमेरिकी शेल' तेल से प्राप्त होगी की खरीद, प्रसंस्करण और वितरण के लिए प्रतिबद्धता सुनिश्चित की गई है। विज्ञप्ति में रिलायंस इंडस्ट्रीज का नाम नहीं दिया गया है और न ही परियोजना में किए जाने वाले निवेश की राशि का उल्लेख किया गया है।

## शेयर मार्केट में जोरदार गिरावट सेंसेक्स 1,342 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,342 अंक का गोता लगा गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर बाजार में एक दिन की बढ़त के बाद गिरावट आई। कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली दबाव से भी बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,342.27 अंक यानी 1.72 प्रतिशत लुढ़क कर 76,863.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 1,446.72 अंक तक की गिरावट आई थी। बीएसई में सूचीबद्ध 2,380 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,881 शेयर लाभ में रहे। वहीं 153 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 394.75 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,866.85 अंक पर बंद हुआ।

### बाजार में सतर्क रुख अपनाए जाने संभावना

*जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आने वाले समय में, बाजार में सतर्क रुख अपनाये जाने संभावना है क्योंकि निवेशकों को नए निवेश से पहले अमेरिकी और घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों और वृहद आर्थिक मोर्चे पर स्पष्ट संकेतों की प्रतीक्षा है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5.76 प्रतिशत बढ़कर 92.86 डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 4,672.64 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 6,333.26 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।*

## पश्चिम एशिया के लिए एयर इंडिया की बड़ी पहल, 58 उड़ानें होंगी संचालित




मुंबई (एजेंसी)। विमानन कंपनी एयर इंडिया और उसकी कम लागत वाली अनुषंगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस बुधवार को पश्चिम एशिया के लिए कुल 58 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानें संचालन करेंगी। क्षेत्र में अमेरिका, इजराइल और ईरान से जुड़े बढ़ते संघर्ष के बीच विमानन कंपनियां सेवाओं का संचालन सावधानीपूर्वक कर रही हैं, क्योंकि कई क्षेत्रों के हवाई मार्ग प्रतिबंधित हैं और कुछ मार्ग बंद भी किए गए हैं। एयर इंडिया ने कहा कि दोनों कंपनियां 11 मार्च को जेद्दा और मस्कट से आने-जाने वाली अपनी-अपनी निर्धारित सेवाएं जारी रखेंगी। बयान के अनुसार, एयर इंडिया जेद्दा से आने-जाने वाली आठ उड़ानों का संचालन करेगी, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस मस्कट से आने-जाने वाली 14 निर्धारित उड़ानों का संचालन करेगी। एयर इंडिया बुधवार को दिल्ली और मुंबई से जेद्दा के लिए एक-एक आने-जाने वाली उड़ान संचालित करेगी। वहीं एयर इंडिया एक्सप्रेस हैदराबाद और कोझिकोड से जेद्दा के लिए एक-एक आने-जाने वाली उड़ान चलाएगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस, मस्कट के लिए अपनी निर्धारित सेवाएं भी संचालित करेगी। इनमें दिल्ली, मुंबई, कन्नूर, तिरुवनंतपुरम और तिरुचिरापल्ली से एक-एक आने-जाने वाली उड़ान तथा कोच्चि से दो आने-जाने वाली उड़ानें शामिल हैं।

**IN THE COURT OF DR.AMAN INDER SINGH, CIVIL JUDGE (SENIOR DIVISION), KAITHAL**
**PUBLICATION**
**C.I.S. No. CS/1794/2020**
**Date of Institution:** 12.11.2020
**CNR No.** HRKH02-002007-2020
**Next Date of Hearing:** 17.04.2026 at 10:00 A.M.
1 Pushpa Devi wd/o 2) Deepo @ Deepa D/o 3) Deepak son 4) Gaurav son of Sh. Sushil Kumar, R/o Village Teontha, Tehsil Pundri Distt Kaithal .....Plaintiffs
Vs
1. Mahipal Singh 2) Hukam Singh 3) Tarshem Singh 4) Baljincer sons of Ajmer 5) Pardeep s/o Gian Singh 6) a Kuldeep sharma son, b) Sudesh d/o c) Santosh d/o Dharampal Village Teontha, 7) Firangi son 8) satpal son of Moman 9) Karam Singh s/o Labh Singh 10) Raj Kumar son 11) Sat Naryan son of Moman 12) a Hari om son Giano b) Deepak son c) Anita D/o d) Krishna D/o e) Santosh D/o Giano devi D/o Moman s/o Telu Village Karora, Distt Kaithal 13) Randeep son of Gian Singh 14) Rajinder singh S/o Labh Singh 15) Parveen S/o Chandgi 16) Chhanno devi w/o Babu 17) Babu Ram S/o Fundi 18) Jai Narayan S/o Sadhu 19) Rampal 20) Rajpal 21) Satpal sons of Bhana Ram 22) Chhattar Pal S/o Labh Singh 23) Balwan 24) Hakam sons of Laxmi all residents of Village Teontha Tehsil Pundri Distt Kaithal. .....Defendants
**Suit for Partition**
Whereas in the above noted petition, it has been proved to the satisfaction of this Court that the above named Respondent i.e. No 1) Mahipal Singh son of Ajmer, 10) Raj Kumar son of Moman, and 13) Randeep son of Gian Singh can not be served in ordinary way of process. Hence, this publication notice is hereby issued against the above noted Respondent i.e. No 1) Mahipal, 10) Raj Kumar and 13) Randeep, If he/she/they want to contest this petition, he/she/they should appear in this court on 17.04.2026 at 10:00 A.M. personally or through duly instructed agent/ pleader, failing which an exparte proceeding shall be taken against him/her/them.
Given under my hand and seal of the Court on dated 27th February, 2026.
**Sd/- (Vinod Kumar) Addl. Civil Judge (Sr.Divn.) Kaithal. 27.02.2026**

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**IN THE COURT OF DR.AMAN INDER SINGH, CIVIL JUDGE (SENIOR DIVISION), KAITHAL**
**CNR No.** HRKH02-002007-2020
**Next Date of Hearing :** 17.04.2026 at 10:00 A.M.
Pushpa Devi etc
Vs
Mahipal etc
**Suit for Partition**
**Notice to :** Respondent i.e. No 1) Mahipal Singh son of Ajmer, 10) Raj Kumar son of Moman, and 13) Randeep son of Gian Singh R/o Village Teontha, Tehsil Pundri, Distt Kaithal
In the above mentioned petition, the Respondent i.e. No. 1, 10 and 13 could not served. Thus, it is ordered that the Respondent i.e. No. 1, 10 and 13 should appear in person or through counsel on 17.04.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=kaithal**
**Sd/- (Vinod Kumar), Addl. Civil Judge (Sr.Divn.) Kaithal. 27.02.2026**

■ दुनिया भर के 55 प्रतिशत से अधिक केंद्रों का गढ़

## जीसीसी का निर्विवाद वैश्विक केंद्र बनकर उभरा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) का निर्विवाद वैश्विक केंद्र बनकर उभरा है और दुनिया भर के ऐसे 55 प्रतिशत से अधिक केंद्र यहां स्थित हैं। हालांकि इन नवाचार केंद्रों को केंद्रीय, राज्य एवं स्थानीय स्तर पर 500 से अधिक अलग-अलग कानूनी दायित्वों और हर वर्ष 2,000 से अधिक अनिवार्य अनुपालन (फाइलिंग) वाली जटिल नियामकीय प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। भारत की प्रमुख नियामक प्रौद्योगिकी 'टीमलीज रेगटेक' ने अध्ययन 'भारत में वैश्विक क्षमता केंद्रः क्षमता का विकास, अनुपालन सुनिश्चित करना' में कहा कि तेज विस्तार और 64.6 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के निर्यात राजस्व में योगदान के बावजूद ये जीसीसी किसी भी उद्यम व्यवस्था में लागू सबसे व्यापक अनुपालन ढांचों में से एक के अंतर्गत काम करते हैं। अध्ययन में कहा गया, ' एक सामान्य वैश्विक क्षमता केंद्र की स्थापना के लिए आवश्यक अनुपालन को सात श्रेणियों में बांटा जा सकता है। प्रत्येक श्रेणी में कई कानून, नियम एवं विनियम शामिल होते हैं, जिनकी लागू होने की सीमा, केंद्र के आकार, प्रकृति एवं संचालन पर निर्भर करती है।'

## ईरान संकट से बढ़ सकती है भारतीय तेल-गैस कंपनियों की नकदी चिंताः फिच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फिच रेटिंग्स ने कहा है कि ईरान से जुड़ा तनाव लंबे समय तक बना रहता है और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आवागमन बाधित रहता है या कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं तो भारत की सरकारी तेल विपणन कंपनियों और गैस कंपनी गेल इंडिया के नकदी प्रवाह पर दबाव बढ़ सकता है। रेटिंग एजेंसी फिच ने एक रिपोर्ट में कहा कि अल्पावधि में इन कंपनियों के वित्तीय संकेतक कमजोर हो सकते हैं, लेकिन सरकारी समर्थन के कारण उनकी रेटिंग पर तत्काल कोई खतरा नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिच ने जिन तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की रेटिंग की है, उनमें भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के पास सबसे मजबूत बहीखाता है और वह लंबे समय तक आपूर्ति बाधित होने या कच्चे तेल की लागत बढ़ने की स्थिति को बेहतर तरीके से संभाल सकती है। फिच के मुताबिक, इसके बाद इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड का स्थान आता है।

### एलएनजी का 60 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया से आयातित

*रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकार संभवतः महंगाई नियंत्रण और राजकोषीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए ओएमसी कंपनियों की वित्तीय स्थिति को संभालने की कोशिश करेगी। ऐसा पहले भी कच्चे तेल की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव के समय किया गया था।* रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अपनी प्राकृतिक गैस की लगभग आधी जरूरत आयात से पूरी करता है और आयातित एलएनजी का करीब 60 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आता है।

## सार्वजनिक सूचना

सभी जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा नगरपालिका नागरिक भागीदारी अधिनियम 2008 के अंतर्गत नगरपालिका अटेली मण्डी के प्रत्येक वार्ड में एरिया सभा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन तथा दिनदयाल लाडों लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों का सत्यापन किया जाना है। नगरपालिका अटेली मण्डी द्वारा सभी संबधित वार्डों व नागरिकों से अपील है कि वे एरिया सभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का कष्ट करें। वार्डों में होने वाली एरिया सभाओं की तिथि सहित वार्ड में स्थान निम्न प्रकार से है:-

| वार्ड न0 | स्थान (जिसमें एरिया सभा का आयोजन होना है) | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | आगनंवाडी केन्द्र, वार्ड न0. 1, अटेली मण्डी। | 14.03.2026 | प्रातः 10:00 बजे |
| 2. | विश्वकर्मा मन्दिर, अटेली मण्डी। | 14.03.2026 | प्रातः 11:00 बजे |
| 3. | कृष्णा कुन्ज, गली न0. 2. अटेली मण्डी। | 14.03.2026 | दोपहर 12:00 बजे |
| 4. | राधा कृष्ण मन्दिर, अटेली मण्डी। | 14.03.2026 | दोपहर 02:00 बजे |
| 5. | पुराना नगर पालिका कार्यालय, सरकारी स्कूल के पास | 14.03.2026 | दोपहर 02:00 बजे |
| 6. | पुराना नगर पालिका कार्यालय, सरकारी स्कूल के पास | 14.03.2026 | दोपहर 03:00 बजे |
| 7. | पुराना नगर पालिका कार्यालय, सरकारी स्कूल के पास | 15.03.2026 | प्रातः 10:00 बजे |
| 8. | पुराना नगर पालिका कार्यालय, सरकारी स्कूल के पास | 15.03.2026 | प्रातः 11:00 बजे |
| 9. | पुराना नगर पालिका कार्यालय, सरकारी स्कूल के पास | 15.03.2026 | दोपहर 12:00 बजे |
| 10. | नई अनाज मण्डी, अटेली | 15.03.2026 | दोपहर 02:00 बजे |
| 11. | नई अनाज मण्डी, अटेली | 15.03.2026 | दोपहर 03:00 बजे |
| 12. | नई अनाज मण्डी, अटेली | 15.03.2026 | दोपहर 04:00 बजे |

-हस्ता-
सचिव नगरपालिका अटेली मण्डी।

ऊपर वाले से मिला वरदान मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
रजि.
गुरू कबीर जी
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पांच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार


**रुपया 16 पैसे टूटा, 92.01 प्रति डॉलर पर पहुंचा (मुंबई):** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को 16 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.01 (अस्थायी) पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और डॉलर के मजबूत होने से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### टेलीग्राम पर 20 सक्रिय समूहों की हुई पहचान, हर ग्रुप में 100 से अधिक सदस्य

## नई तकनीक से यूपीआई सुरक्षा पर खतरा, सक्रिय हुए 'डिजिटल लुटेरे'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



ऑनलाइन ठग नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) अनुप्रयोगों की सुरक्षा प्रणाली को चकमा देकर वित्तीय लेनदेन को अंजाम दे रहे हैं। साइबर खुफिया कंपनी क्लाउडसेक की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार कंपनी ने संदेश भेजने से जुड़े मंच टेलीग्राम पर कम से कम 20 सक्रिय समूहों की पहचान की है। प्रत्येक समूह में 100 से अधिक सदस्य हैं, जहां 'डिजिटल लुटेरा' नामक टूलकिट पर चर्चा की जा रही है, उसे साझा किया जा रहा है और उसका उपयोग भी किया जा रहा है। क्लाउडसेक के अनुसंधानकर्ता (खतरा) शोभित मिश्रा ने कहा, ' यह केवल यूपीआई से जुड़ा एक और हानिकारक सॉफ्टवेयर नहीं है। डिजिटल लुटेरा उपकरण प्रणाली पर भरोसे की संरचना पर हमला करता है। जब संचालन तंत्र ही प्रभावित हो जाता है तो 'सिम-बाइंडिंग' और हस्ताक्षर जांच जैसी पारंपरिक सुरक्षा व्यवस्थाएं भरोसेमंद नहीं रहतीं।

### दो दिन में 25 से 30 लाख रुपए का लेनदेन

'सिम बाइंडिंग' एक ऐसी सुरक्षा प्रौद्योगिकी है, जो व्हाट्सऐप, टेलीग्राम जैसे मैसेजिंग ऐप को केवल उसी रजिस्टर्ड सिम कार्ड से चलाने की अनुमति देती है, जो फोन में लगा हो। क्लाउडसेक ने बताया कि उसने ऐसे ही एक समूह के विश्लेषण में पाया कि केवल दो दिन में करीब 25 से 30 लाख रुपए के लेनदेन किए गए। इससे पता चलता है कि धोखाधड़ी का यह तरीका कितनी तेजी से फैल रहा है और कितने लोगों को प्रभावित कर रहा है। इस संबंध में 'नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया' को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला है।

### संदेशों का हेरफेर करते हैं ठग

'सिम-बाइंडिंग' को इस बात का प्रमाण माना जाता रहा है कि कोई बैंक खाता किसी विशेष उपकरण से सुरक्षित रूप से जुड़ा हुआ है। यूपीआई अनुप्रयोग लेनदेन से पहले उस फोन नंबर के सिम का सत्यापन करते हैं, जिसके साथ खाता मोबाइल फोन में पंजीकृत होता है। क्लाउडसेक ने बताया कि यह हमला आमतौर पर तब शुरू होता है जब उपयोगकर्ता अनजाने में एक हानिकारक एपीके फोन में डाल लेते हैं, जो किसी सामान्य सूचना (जैसे यातायात चालान या शादी के निमंत्रण) के रूप में दिखाई देती है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | एम.सी. कलानौर में वार्ड नं. 11 में सुधीर जुनेजा के मकान से सुरेन्द्र बजाज, टिकाना सत गुरदेव गुरूद्वारा से कमल, सिंधी चुघ के मकान से पवन जुनेजा के मकान तक, पवन जुनेजा से अमर मास्टर तक गली का निर्माण + 6 कार्य। | 10.03.2026 18.03.2026 | रु. 95,07,175/- | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43729/I/88/6 दि. 11.03.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | वार्ड 05 में सुधीर के मकान से सुरेन्द्र सैनी तक सीसी रोड का निर्माण + 2 कार्य। | 10.03.2026 17.03.2026 | रु.55,08,494/- | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 [illegible] |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43730/I/88/6 दि. 11.03.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड | जीन्द जिले में सफीदों केन्द्र के लिए श्रम ठेकेदार की नियुक्ति हेतु ई-निविदा। | 11.03.2026 17.03.2026 | रु.8,05,000/- | www.hafed.gov.in | 9050662919 dmhafedjind@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43742/I/88/6 दि. 11.03.26

## राशिफल


**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।


**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## अप्लास्टिक एनीमिया जागरूकता के लिए बीएसवी ने की अपील


**रोहतक।** अप्लास्टिक एनीमिया जागरूकता सप्ताह (1-7 मार्च) की थीम वॉयसेस ऑफ स्ट्रेंथ एंड होप है, जिसका मतलब है लोगों को जागरुक करना और उनमें अप्लास्टिक एनीमिया के इलाज को लेकर उम्मीद जगाना। इसके तहत भारत सीरम एंड वैक्सीन्स लिमिटेड ने अप्लास्टिक एनीमिया के बढ़ते बोझ को कम करने के लिए जल्दी जांच, सही समय पर निदान और बेहतर रेफरल सिस्टम की जरूरत पर जोर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में हर साल करीब 20,000 मामले सामने आते हैं। कई मरीजों की मौत इसलिए हो जाती है क्योंकि जरूरी इलाज जैसे स्टेम सेल ट्रांसप्लांट और इम्यूनोसप्रेसिव थेरेपी तक समय पर पहुंच नहीं मिल पाती। अप्लास्टिक एनीमिया एक गंभीर रक्त रोग है, जिसमें बोन मैरो पर्याप्त मात्रा में खून की कोशिकाएं नहीं बना पाता। इससे शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं, सफेद रक्त कोशिकाएं और प्लेटलेट्स सभी कम हो जाते हैं। इस स्थिति को पैनसाइटोपेनिया कहा जाता है। अस्पतालों के आंकड़े बताते हैं कि पैनसाइटोपेनिया के 20 से 40 प्रतिशत मामलों में अप्लास्टिक एनीमिया पाया जाता है।

## पीएम-कुसुम योजना किसानों को बना रही 'ऊर्जादाता'



**जोधपुर/चंडीगढ़।** पीआईबी चंडीगढ़ के पत्रकार प्रतिनिधिमंडल ने विधायक ओसियां भैराराम चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विभिन्न समसामयिक विषयों, क्षेत्र के विकास कार्यों तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक भैराराम चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रमुख पहल कर रहा है। पीएम-कुसुम योजना किसानों को अन्नदाता के साथ-साथ 'ऊर्जादाता' के रूप में सशक्त बना रही है। चौधरी ने जलवायु लक्ष्यों और ऊर्जा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता तथा देश भर में नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने के लिए सरकार के केंद्रित प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि राजस्थान जैसे राज्य के लिए पीएम-कुसुम योजना और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रदेश के समग्र विकास के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने से किसानों की आय में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों को ऊर्जा और जल सुरक्षा प्रदान करना, उनकी आय बढ़ाना, कृषि क्षेत्र को डीजल मुक्त करना और पर्यावरण प्रदूषण को कम करना है। चौधरी ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर युवाओं, महिलाओं, किसानों तथा समाज के सभी वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही हैं। विभिन्न योजनाओं और विकास परियोजनाओं के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाने, बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने तथा प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

## शब्द पहेली - 6162




**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 6161 का हल





लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर रार बोले-रविशंकर

# पं. नेहरू के उदाहरण पर भिड़ा पक्ष-विपक्ष, प्रस्ताव को किसी नेता के अहंकार को संतुष्ट करने का जरिया नहीं बनाना चाहिए

*भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सदन को ऐसे विषय पर चर्चा करनी पड़ रही है जो सिर्फ एक नेता की जिद का नतीजा है। रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष के उस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि इस चर्चा के दौरान चेयरपर्सन का पैनल सदन की कार्यवाही नहीं चला सकता। इस दौरान नियमों का भी हवाला भी दिया गया।*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भाजपा और कांग्रेस के बीच तीखी बहस हुई। भाजपा सांसद मंत्री रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष पर कड़ा हमला करते हुए कहा कि स्पीकर को हटाने के इस प्रस्ताव को किसी नेता के अहंकारको संतुष्ट करने का जरिया नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने दुख जताया कि सदन को आज ऐसे विषय पर चर्चा करनी पड़ रही है जो सिर्फ एक नेता की जिद का नतीजा है। रविशंकर ने विपक्ष के उस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि इस चर्चा के दौरान चेयरपर्सन का पैनल सदन की कार्यवाही नहीं चला सकता।

उन्होंने संसदीय नियमों और संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि विपक्ष के नेता को राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर बहुत सोच-समझकर बोलना चाहिए। रविशंकर प्रसाद ने फिर आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने विदेशों में जाकर भारतीय संसद, संविधान और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले इन्हीं संस्थाओं के तहत कई चुनाव जीते हैं, लेकिन अब वह इन्हीं पर निशाना साध रही है।

### इंदिरा के पोते के ज्ञान पर मैं तो सन्न रह गया

रविशंकर ने कहा कि राहुल आरोप लगाते हैं कि मुझे बोलने नहीं दिया। आखिर वेबोलते क्या हैं। इनका कहना है कि तपस्या से गर्मी आती है। मैं तो सन्न रह गया कि आत्मा से परमात्मा का मिलन है तपस्या। आखिर इंदिरा जी के पोते का इस पर क्या ज्ञान है? इस पर मुझे हैरानी हुई। रविशंकर ने कहा कि इस तरह का मुद्दा सदन में उठना दुखद है। समस्या यह है कि विपक्ष इसे समझना नहीं चाहते।

**'प्रैक्टिस एंड प्रोसीजर ऑफ पार्लियामेंट' का हवाला**

## शब्दों के चयन में सावधानी रखनी चाहिए

प्रसाद ने 'प्रैक्टिस एंड प्रोसीजर ऑफ पार्लियामेंट' का हवाला देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष को खासकर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर बोलते समय अपने शब्दों का चयन सावधानी से करना चाहिए। रविशंकर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेश यात्राओं के दौरान संसद, संविधान और चुनाव आयोग का मजाक उड़ाते रहे हैं।

## विपक्ष बोला था-भारत में इस्लामिक कट्टरपंथ से ज्यादा चिंता की बात हिंदू रैडिकल की है


रविशंकर ने कहा कि विपक्ष पर तंज करते हुए कहा पता नहीं विपक्ष को सेना से क्या प्यार है, वे उनकी शहादत पर सबूत मांगते हैं। मेरे पास राहुल की सभी टिप्पणियों की लिस्ट है। रविशंकर ने राहुल के आचरण पर कहा कि विपक्ष के नेता आंख मारते हैं, ये क्या व्यवहार है। पीएम के गले पड़ते हैं और कहते हैं कि हमें सदन में बोलने नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष और राहुल गांधी सदन को अराजकता में बदलना चाहते हैं कि यह स्वीकर नहीं है। यह संसद सर्वोच्च है। स्पीकर के खिलाफ प्रायोजित, उत्तेजित प्रस्ताव लाया गया है। हम इसे खारिज करेंगे। राहुल गांधी ने अमेरिकी राजदूत से यह भी कह दिया कि भारत में इस्लामिक कट्टरपंथ से ज्यादा चिंता की बात हिंदू रैडिकल हैं।

## प्रोपेगैंडा नेता सदन के सारे नियम तोड़ रहेः अनुराग



भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि कुछ लोग इस सदन में 'माइनस ट्रिपल सी' के साथ प्रवेश करते हैं। कोई सिविक सेंस (नागरिक समझ) नहीं, कोई कॉमन सेंस (सामान्य समझ) नहीं, और कोई संवैधानिक समझ नहीं। जब हम लोकसभा के सदस्य बने थे, तो हमें बताया गया था कि सदन के अंदर कैसा व्यवहार करना चाहिए। लेकिन एक व्यक्ति इन सभी नियमों को तोड़ता है, और वह है प्रोपेगैंडा (दुष्प्रचार) का नेता। यह 'फोमो गांधी' हैं। उन्हें सुर्खियों में न रहने का डर सताता है। अनुराग ठाकुर का कहना है कि स्पीकर ओम बिरला ने सभी को बोलने का मौका दिया है, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों।

## सत्ता पक्ष ने बिरला का किया बचाव



सत्ता पक्ष (एनडीए) ने ओम बिरला का बचाव किया। सरकार ने कहा कि विपक्ष यह प्रस्ताव सिर्फ सुर्खियां बटोरने के लिए लाया है। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कहा कि स्पीकर पूरी तरह निष्पक्ष हैं और सांसदों के खिलाफ कार्रवाई उनके खराब व्यवहार की वजह से हुई थी। संविधान के अनुसार, स्पीकर चर्चा के दौरान सदन में मौजूद रह सकते हैं, लेकिन ओम बिरला ने मंगलवार की कार्यवाही से दूर रहने का फैसला किया। इस चर्चा का अंत बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह के जवाब के साथ हुई।

## जयराम ने 1954 के दस्तावेज साझा किए



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रिजिजू के इन दावों पर तुरंत पलटवार किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर 1954 की बहस के कुछ दस्तावेज साझा किए। रमेश ने बताया कि 18 दिसंबर 1954 को प्रधानमंत्री नेहरू खुद पूरी बहस के दौरान सदन में बैठे थे और उन्होंने चर्चा में हिस्सा भी लिया था। नेहरू ने खुद डिप्टी स्पीकर से अनुरोध किया था कि चर्चा का ज्यादातर समय विपक्ष को मिलना चाहिए। नेहरू का कहना था कि सरकारी पक्ष को ज्यादा समय नहीं लेना चाहिए ताकि विपक्षी सदस्य अपनी बात विस्तार से रख सकें।जयराम ने एक और बड़ा मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि 1954, 1966 और 1987 में जब भी स्पीकर के खिलाफ प्रस्ताव आया, तब सदन में डिप्टी स्पीकर मौजूद थे। लेकिन 2019 के बीच से लोकसभा में कोई डिप्टी स्पीकर नहीं है। रमेश ने इसे संविधान का स्पष्ट उल्लंघन बताया। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि 1954 में कांग्रेस के पास 489 में से 364 सांसद थे, फिर भी नेहरू ने विपक्ष की आवाज को महत्व दिया था।

## यह गांधी परिवार का वंशवादी विशेषाधिकार बना



भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा, मैं इस सदन के संरक्षक (स्पीकर) का समर्थन करना अपना राजनीतिक, संवैधानिक और नैतिक कर्तव्य मानता हूं। इस तरह के प्रस्ताव का मुख्य कारण कांग्रेस और विशेष रूप से गांधी परिवार की सभी के साथ समान व्यवहार को स्वीकार करने में अक्षमता है। जो लोग वंशवादी विशेषाधिकारों के आदी हैं, उन्हें समानता अन्याय लगेगी। कांग्रेस पार्टी को लगता है कि गांधी परिवार कोई गलती कर ही नहीं सकता।

### नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया जाताः वेणुगोपाल



कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष संसदीय व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं और जब वे सदन में खड़े होकर बोलते हैं तो उन्हें सुना जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी नेता प्रतिपक्ष बोलने के लिए खड़े होते हैं, उनका माइक बंद कर दिया जाता है। उन्होंने कहा ऐसा कैसे हो सकता है कि नेता प्रतिपक्ष को अपनी बात रखने का मौका ही न दिया जाए।

### रसोई गैस संकट पर संसद में चर्चा होनी चाहिएः खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध और देश में रसोई गैस के कथित संकट को लेकर संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में इस पर जवाब दें। उन्होंने यह भी कहा कि देश को सच जानने का अधिकार है।

### एलपीजी के हालात देखिएः प्रियंका



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि जनता कितना बर्दाश्त करेगी। हर चीज के दाम बढ़ गए हैं, बेरोजगारी बढ़ रही है और अब देखिए कि सरकार की नीतियों की वजह से एलपीजीसे उन्हें कितना नुकसान हो रहा है। बेहतर होता कि इस पर पार्लियामेंट में चर्चा होती, कम से कम हम लोगों के मुद्दे तो उठा पाते।

**खबर संक्षेप**

### जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जल संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें जल को केवल उपयोग की वस्तु के रूप में नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर के रूप में देखना चाहिए। भविष्य को सुरक्षित करने के लिए जल संरक्षण को जीवन और व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है।

### सीबीआई की अर्जी को दूसरी बेंच के पास भेजें



**नई दिल्ली।** आबकारी मामले में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की ओर से दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय को बुधवार को पत्र लिखा गया है।इसमें मांग की गई है कि सीबीआई की ओर से दायर की गई याचिका को जस्टिस स्वर्णकांत शर्मा की बेंच से किसी और बेंच के पास भेज दिया जाए।

### बदरीनाथ व केदारनाथ धाम में गैर सनातनी के प्रवेश पर रोक

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में इस वर्ष से गैर सनातनी का प्रवेश वर्जित रहेगा। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि यह फैसला अगले महीने शुरू हो रही यात्रा से लागू होगा और अब गैर सनातनी, मंदिर परिसरों और गर्भगृहों में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 26 प्रत्येक संप्रदाय को अपने धार्मिक मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार देता है।

### संधू ने ली दिल्ली के 23वें एलजी के रूप में शपथ



**नई दिल्ली।** पूर्व राजनयिक तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली के 23वें उपराज्यपाल के तौर पर शपथ ली। यह समारोह लोक निवास में आयोजित किया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सीएमरेखा गुप्ता और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**पीएम मोदी ने केरलम में 10 हजार 800 करोड़ के प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन और शिलान्यास**

# भारत आज मैन्युफैक्चरिंग का बहुत बड़ा हब बनता जा रहा, इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश की हो रही प्रशंसा

**रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने से लाखों नागरिकों को मिल रहा लाभ**



एजेंसी ▶▶ एर्नाकुलम

पीएम नरेंद्र मोदी ने केरल दौरे पर पर10 हजार 800 करोड़ की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने केरल को केरलम कहकर पुकारा। केरल के एर्नाकुलम में विकास परियोजनाओं के शुभारंभ के दौरान बुधवार को प्रधानमंत्री ने कहा आज दुनिया आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर हो रहे निवेश के लिए भारत की भूरि-भूरि प्रशंसा करती है। बजट में भी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए रिकॉर्ड फंड रखा गया है। इस निवेश का बहुत अधिक फायदा केरलम को मिल रहा है। अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत शोरनूर जंक्शन, कुट्टि-पुरम और चंगनासेरी रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया गया है। शोरनूर–नीलांबुर रेल लाइन के एक बड़े सेक्शन का विद्युतीकरण भी पूरा किया गया है। पालक्कड़–पोल्लाच्ची ट्रेन सेवा की शुरुआत भी हुई है। इससे केरलम और तमिलनाडु, दोनों राज्यों के लोगों को और अधिक सुविधा होगी।आज कोच्चि रिफाइनरी में पॉली-प्रोपाइलीन यूनिट के शिलान्यास के पीछे भी यही लक्ष्य है।



**पालक्कड़–पोल्लाच्ची ट्रेन सेवा की शुरुआत**

### एआई और सेमीकंडक्टर सेक्टर में भी देश आगे बढ़ा

*उन्होंने कहा कि भारत आज मैन्युफैक्चरिंग का बहुत बड़ा हब बनता जा रहा है। एआई और सेमीकंडक्टर सेक्टर में भी देश तेजी से प्रगति कर रहा है। ऐसे हर काम के लिए, ज्यादा एनर्जी चाहिए, ज्यादा से ज्यादा ग्रीन और क्लीन एनर्जी की आवश्यकता है। और भारत सोलर पावर के मामले में दुनिया के टॉप के देशों में से एक बन चुका है। हमारा प्रयास है कि केरलम भी सोलर पावर जनरेशन में और आगे बढ़े। इसी मकसद से आज वेस्ट कल्लाडा, उसमें 50 मेगावाट के फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गई है। केरलम में तो बहुत बड़ी संख्या में वॉटर बॉडीज हैं। यहां फ्लोटिंग सोलर पावर क्षेत्र में बहुत पोटेंशियल भी है।*

### सिक्स लेन की सड़क बनने से कनेक्टिवटी बेहतर होगी

पीएम मोदी ने कहा कि केरलम के कई महत्वपूर्ण रोड प्रोजेक्ट्स की भी शुरुआत हुई है। सिक्स लेन की सड़क बनने से अलीक्कल पोर्ट की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। सिक्स लेन के कोजिकोड बाइपास से जाम की समस्या कम होगी और इससे ट्रैवल टाइम भी बहुत बच सकेगा। इन सारे प्रोजेक्ट्स से केरलम के किसानों को लाभ होगा, यहां टूरिज्म और दूसरी इंडस्ट्री को बल मिलेगा। ये जितने भी प्रोजेक्ट्स हैं, इनसे केरलम के हजारों नौजवानों को नए रोजगार मिलने वाले हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि ये सभी प्रोजेक्ट विकसित केरलम के हमारे संकल्प को सिद्ध करने में अहम भूमिका निभाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि हमें मत्स्य पालन में नई संभावनाओं को साकार करने और मछुआरों के जीवन स्तर में सुधार करने की आवश्यकता है। एनडीए सरकार उनकी प्रगति और क्षमताओं को असीमित स्तर तक बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा-एनडीए सरकार ने ही मत्स्य पालन के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया है।

### 5 नई ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई

**तिरुचिरापल्ली।** प्रधानमंत्री ने केरल दौरे के बाद तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में लगभग 5,650 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने 5 नई ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जनसभा में कहा कि आज का कार्यक्रम तमिलनाडु के भविष्य के लिए खास है। आज शुरु किए गए प्रजोक्ट्स लोगों को काफी फायदा पहुंचाएंगे। तमिलनाडु में एक ऐसा शहर है जहां दो रेलवे स्टेशन एक-दूसरे से मुश्किल से छह किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं, फिर भी अब तक, उनमें से कोई भी अपने लोगों को झारखंड के खनिज-समृद्ध क्षेत्र के लिए सीधी ट्रेन सेवा प्रदान नहीं कर सका था। वह शहर कोयंबटूर है। लेकिन अब यह स्थिति बदलने वाली है, जब प्रधानमंत्री मोदी तिरुचिरापल्ली से 'पोदानूर-धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस' को हरी झंडी दिखाई। दक्षिण के करघा-नगरों से लेकर पूरब के कोयला-खदानों से घिरे पठारों तक, भारतीय रेल ने उस मांग को पूरा किया है जिसे यह क्षेत्र दशकों से संजोए हुए था।

## फारूक अब्दुल्ला के सिर पर तानी बंदूक, गोली मारने की कोशिश

- सुरक्षाबलों ने बचाया और हमलावर को पकड़ लिया

एजेंसी ▶▶ जम्मू

नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर जम्मू में बुधवार देर शाम फायरिंग की कोशिश की गई है। अधिकारियों के मुताबिक अब्दुल्ला ग्रेटर कैलाश इलाके में एक शादी समारोह में पहुंचे थे। उनके साथ जम्मू-कश्मीर के डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी भी मौजूद थे। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि जब फारूक अब्दुल्ला शादी से जा रहे थे तभी हमलावर कमल सिंह जामवाल ने पीछे से आकर अब्दुल्ला के सिर पर बंदूक तान दी और गोली चलाने की कोशिश की। हालांकि उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बचा लिया और हमलावर को पकड़ लिया। अधिकारियों ने बताया कि फारूक अब्दुल्ला और सुरिंदर चौधरी सुरक्षित हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हमले के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

**दो भाइयों ने खेला था मुनाफे का खेल**

## देश के सबसे बड़े बिटकॉइन घोटाले में 'पहली' गिरफ्तारी

**20,000 करोड़ का गेन बिटकॉइन क्रिप्टो घोटाला**



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने 20,000 करोड़ के गेन बिटकॉइन क्रिप्टो घोटाले में डार्विन लैब्स के सह-संस्थापक आयुष वार्ष्णेय को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक डार्विन लैब्स ने उस डिजिटल ढांचे को तैयार किया था, जिस पर कथित तौर पर चल रहे गेन बिटकॉइन घोटाले की पूरी तकनीकी प्रणाली आधारित थी। सीबीआई के अनुसार आयुष वार्ष्णेय इस मामले के मुख्य आरोपियों में शामिल हैं। एजेंसी ने उनके खिलाफ पहले ही लुक आउट सर्कुलर जारी कर रखा था। सोमवार को जब वह देश छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे थे, तब मुंबई एयरपोर्ट पर अलर्ट जारी होने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया। इसके बाद मंगलवार को उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में डार्विन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड और इसके सह-संस्थापकों आयुष वार्ष्णेय, साहिल बघला और निकुंज जैन की भूमिका सामने आई है।

**सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी को सभी किताबों की समीक्षा का निर्देश दिया**

# सरकार विशेषज्ञ समिति बनाए तो बेहतर, पाठ्यक्रम का रिव्यू जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने एनसीईआरटी को सभी कक्षाओं की किताबों की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि एनसीईआरटी से ऐसा करने के लिए कहने के बजाए अगर केंद्र पाठ्यक्रम की समीक्षा करने के लिए एक विशेषज्ञ कमिटी बनाता तो अच्छा होता। कोर्ट एनसीईआरटी की क्लास आठ की सोशल साइंस की किताब से जुड़े एक सुओ मोटो केस की सुनवाई कर रहा था, जिसमें ज्यूडिशियरी में को लेकर आपत्तिजनक कंटेंट प्रकाशित किया गया था।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार ने एनसीईआरटी से सिर्फ कक्षा आठ की नहीं, बल्कि सभी क्लास की टेक्स्टबुक्स का समीक्षा करने को कहा है। कोर्स की जांच के लिए डोमेन विशेषज्ञ का एक पैनल बनाया जाएगा।

## *एसजी मेहता बोले- सभी किताबों की समीक्षा की जाएगी*



### अब पहले विशेषज्ञों की मंजूरी लेंगेः एसजी

*मेहता ने कोर्ट को बताया कि एनसीईआरटी में व्यवस्था को सुधारने के लिए बड़े बदलाव शुरू हो गए हैं। अब विशेषज्ञों की मंजूरी के बिना कोई भी नई सामग्री प्रकाशित नहीं की जाएगी। एनसीईआरटी के डायरेक्टर ने कोर्ट में हलफनामा देकर बिना शर्त माफी भी मांग ली है।*

### कोर्ट ने वितरण पर लगाई थी पूरी तरह रोक

26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इस किताब की छपाई और इंटरनेट पर इसके वितरण पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि किताब में लिखी बातें न्यायपालिका पर गोली चलाने जैसी हैं और इससे संस्थान को गहरा जख्म मिला है। कोर्ट ने इसे न्यायपालिका की गरिमा गिराने की एक गहरी साजिश और सोची-समझी चाल करार दिया। कोर्ट ने कहा कि बाजार में मौजूद इस किताब की सभी प्रतियों को तुरंत जब्त किया जाए और उन्हें सार्वजनिक पहुंच से पूरी तरह हटाया जाए।


### परिषद ने 9वीं की नई अंग्रेजी की किताब में सिलेबस कम किया

*राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा कक्षा 9 के लिए जारी नई अंग्रेजी पाठ्यपुस्तक में कई भारतीय लेखकों की रचनाएं शामिल की गई हैं। इनमें तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती, लेखिका और राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति, नागा लेखिका टेमसुला आओ, प्रसिद्ध कवि रवींद्रनाथ टैगोर और असमिया उपन्यासकार मित्रा फुकन जैसे लेखकों की रचनाएँ शामिल हैं। पहलै किताबों में कुल 29 रचनाओं में से 15 रचनाएं विदेशी लेखकों की थीं।*

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

**DD NO.14 दिनांक 09.03.2026 धारा 194 बी.एन.एस एस थाना सदर सोनीपत जिला सोनीपत।**

**नाश की पहचान**



नाम- नामपता नामालूम।
पिता का नाम - नामालूम।
पता-नामालूम ।
उम्र-40 वर्ष ।
कद-5 फुट 4 ईन्च ।
हुलियाः- रंग सांवला, जीभ बाहर निकली, गोल चेहरा, शरीर फुला हुआ, आँखे बंद है।
पहनावा :- काले रंग की टी-शर्ट, महरूम रंग की लोवर पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 09.03.2026 को एक पता नामालुम व्यक्ति की नाश NCR नहर रोहट से बवाना दिल्ली गुरुग्राम बा हद रकबा गाँव रोहट सोनीपत से मिली है। नाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है। नाश को शिनाख्त के लिए सिविल अस्पताल सोनीपत की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए रखवाया गया है। अगर किसी को उपरोक्त नाश के बारे कोई सुराग मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।
प्रबन्धक थाना मो० न0 - 7419410534
अनुसंधान कर्ता मो० न0 - 9466548188
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त ।
मुख्यालय, सोनीपत ।**

पीआरडीएच-1084/11/4560/2026/43717/88/6 दि. 11.03.26

## चिंतन

# इच्छा मृत्यु पर कानून बनाए जाने की जरूरत

भारत में इच्छामृत्यु का सवाल लंबे समय से कानूनी, नैतिक और मानवीय बहस का विषय रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने 13 वर्षों से कोमा में पड़े युवक हरीश राणा को पैसिव यूथेनेशिया यानी इच्छामृत्यु की अनुमति देकर एक महत्वपूर्ण और मानवीय फैसला दिया है। यह निर्णय केवल एक व्यक्ति की पीड़ा से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि यह उस व्यापक प्रश्न को भी सामने लाता है कि असाध्य बीमारी और असहनीय पीड़ा झेल रहे व्यक्ति को क्या सम्मानपूर्वक मृत्यु का अधिकार मिलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने एक बार फिर यह जरूरत रेखांकित कर दी है कि भारत में इच्छामृत्यु को लेकर स्पष्ट और व्यापक कानून बनाया जाए, ताकि ऐसे संवेदनशील मामलों में न्यायिक और चिकित्सीय प्रक्रिया स्पष्ट हो सके। हरीश राणा की कहानी बेहद मार्मिक है। दिल्ली में जन्मे हरीश चंडीगढ़ स्थित पंजाब में बीटेक के छात्र थे। वर्ष 2013 में हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरने के बाद उन्हें गंभीर चोटें आईं और वे कोमा में चले गए। डॉक्टरों ने उन्हें क्वाड्रिप्लेजिया से पीड़ित बताया, जिसमें मरीज के चारों अंग काम करना बंद कर देते हैं और वह पूरी तरह लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर निर्भर हो जाता है। पिछले 13 वर्षों से वे वेंटिलेटर और फीडिंग ट्यूब के सहारे जीवन जी रहे हैं। लंबे समय तक बिस्तर पर पड़े रहने से उनके शरीर पर गंभीर घाव बन गए हैं और उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। परिवार के लिए यह स्थिति मानसिक पीड़ा के साथ-साथ भारी आर्थिक बोझ का कारण भी बन चुकी है। इस मामले में शीर्ष कोर्ट ने निर्देश दिया कि लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए, ताकि मरीज की गरिमा बनी रहे। देश में इच्छामृत्यु को लेकर न्यायिक आधार पहले से मौजूद है। वर्ष 2011 में मुंबई की नर्स अरुणा रामचंद्र शानबाग के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार पैसिव यूथेनेशिया को सीमित रूप में मान्यता दी थी। इसके बाद 2018 में एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए पैसिव यूथेनेशिया को वैध ठहराया और 'लिविंग विल' को भी मान्यता दी। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि सम्मान के साथ जीने का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आता है, इसलिए आवश्यक है कि संसद इस विषय पर स्पष्ट और व्यापक कानून बनाए। दुनिया के कई देशों में इच्छामृत्यु को लेकर अलग-अलग व्यवस्था है। दूसरी ओर कई बड़े देशों में इच्छामृत्यु को लेकर अभी भी कड़े प्रतिबंध हैं। अमेरिका में संघीय स्तर पर एक्टिव यूथेनेशिया अवैध है, हालांकि कुछ राज्यों में डॉक्टर की सहायता से मृत्यु की सीमित अनुमति है। चीन और रूस जैसे देशों में इच्छामृत्यु पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसे कानूनन अपराध माना जाता है। इसी तरह पाकिस्तान में भी धार्मिक और कानूनी आधारों पर इच्छामृत्यु को पूरी तरह गैरकानूनी माना गया है। इन अंतरराष्ट्रीय उदाहरणों से स्पष्ट है कि दुनिया के अलग-अलग देशों ने अपने सामाजिक, सांस्कृतिक और कानूनी ढांचे के अनुसार इस विषय पर अलग-अलग रास्ते अपनाए हैं। भारत में भी कानून बनाते समय मानवीय संवेदना और कानूनी सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि आर्थिक बोझ, पारिवारिक दबाव या संपत्ति विवाद के कारण किसी मरीज को जबरन इच्छामृत्यु की ओर न धकेला जाए।

## अभियान

बलकार सिंह पूनियां



# महिला नेतृत्व से सुदृढ़ होता जमीनी लोकतंत्र

भारत का लोकतंत्र केवल संसद और विधानसभाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी वास्तविक शक्ति गांवों और स्थानीय समुदायों में स्थित पंचायती राज संस्थाओं में निहित है। जब स्थानीय स्तर पर शासन व्यवस्था मजबूत होती है, तब लोकतंत्र की जड़ें और गहरी होती हैं और विकास अधिक समावेशी बनता है। इसी दृष्टि से पंचायती राज मंत्रालय ने नई दिल्ली में पंचायतों की चुनी हुई महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों का एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया है। 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' के अंतर्गत आयोजित इस सम्मेलन का केंद्रीय संदेश है-"सशक्त महिला, सशक्त पंचायत।" इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं को अधिक समावेशी बनाना तथा ग्रामीण शासन में महिला नेताओं की भूमिका को सामने लाना है। यह सम्मेलन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक वर्ष की उस प्रेरणादायी यात्रा का उत्सव है, जिसकी शुरुआत 4 मार्च 2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के संदर्भ में हुई थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ग्राम पंचायतों में, विशेष रूप से महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने के लिए क्षमता निर्माण और आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। देश में पंचायती राज संस्थाओं में 14 लाख से अधिक महिला निर्वाचित प्रतिनिधि कार्य कर रही हैं। कई राज्यों ने महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत तक आरक्षण लागू किया है, जिससे महिला नेतृत्व का विस्तार और अधिक हुआ है। उल्लेखनीय बात यह भी है कि बिहार सहित कई राज्यों में महिलाएं आरक्षित सीटों के अतिरिक्त अनारक्षित सीटों पर भी निर्वाचित होकर सामने आ रही हैं, जो ग्रामीण राजनीति में बढ़ते आत्मविश्वास और सामाजिक परिवर्तन का संकेत है। पिछले एक वर्ष में 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज की गई हैं। संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत वर्ष 2025-26 में कुल 6,81,758 महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त "चैंपियनिंग ऑफ चेंजः स्थानीय शासन में महिला नेत्रियों का सशक्तिकरण" नामक विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल के माध्यम से 1,21,512 महिला प्रतिनिधियों और मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य महिला प्रतिनिधियों को प्रशासनिक प्रक्रियाओं, निर्णय-निर्माण और स्थानीय शासन के व्यावहारिक पक्षों से परिचित कराना था। इसी क्रम में 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने कुल 744 मॉडल महिला-हितैषी ग्राम पंचायतों का चयन किया है। प्रत्येक जिले में एक ग्राम पंचायत को इस रूप में चिन्हित किया गया है ताकि वे महिला-केंद्रित शासन की मिसाल बन सकें। इन मॉडल महिला-हितैषी ग्राम पंचायतों के विकास के लिए 310 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं, जो सरपंचों, पंचायत सचिवों और अन्य हितधारकों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। हालांकि पंचायतों में महिलाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, फिर भी कुछ चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। कई स्थानों पर महिला प्रतिनिधियों को अपने अधिकारों और दायित्वों के निर्वहन में सामाजिक और संस्थागत बाधाओं का सामना करना पड़ता है। प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व की समस्या भी कई राज्यों में देखी जाती है, जहां निर्वाचित महिला प्रतिनिधि के स्थान पर उनके पति या अन्य पुरुष रिश्तेदार निर्णय लेते हैं।

इसी समस्या को ध्यान मं रखते हुए पंचायती राज मंत्रालय ने "से नो टू प्रोक्सी सरपंच" नामक राष्ट्रव्यापी सोशल मीडिया अभियान शुरू किया है, जो 8 से 18 मार्च 2026 तक चलाया जा रहा है। यह सम्मेलन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच सहकर्मी-अधिगम और श्रेष्ठ प्रथाओं के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही उत्कृष्ट महिला पंचायत नेत्रियों को 'बीकन महिला नेत्री' के रूप में सम्मानित किया जाएगा, ताकि उनके कार्यों से अन्य प्रतिनिधियों को प्रेरणा मिल सके। अंततः यह कहा जा सकता है कि 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' भारत के जमीनी लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं तो शासन अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और समावेशी बनता है। पंचायतों में महिला प्रतिनिधियों को वास्तविक अधिकार और अवसर प्रदान करना केवल लैंगिक समानता का प्रश्न नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विकास की अनिवार्य शर्त है। यह राष्ट्रीय सम्मेलन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो महिला नेतृत्व के माध्यम से सशक्त पंचायत और सशक्त ग्रामीण भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

(लेखक सहायक प्रोफेसर इग्नू नई दिल्ली हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

राज कुमार सिंह

# जितनी लंबी जंग, उतने व्यापक दुष्परिणाम

मध्य पूर्व में भड़क रही जंग के लिए भी किसी एक पक्ष को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन शांति वार्ताओं के बीच ईरान पर हमले की शुरुआत निश्चय ही अमेरिका और इजराइल ने की। कभी जन संहारक हथियारों का हौव्वा खड़ा कर इराक पर हमला करने वाले अमेरिका के अब इस तर्क पर विश्वास कर पाना आसान नहीं कि ईरान उस पर हमला करने ही वाला था। राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को मौत के घाट उतार कर इराक को लगभग बर्बाद कर दिया गया, लेकिन जन संहारक हथियार आज तक नहीं मिले। पहले ही हमले में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई को मार दिया गया, लेकिन ईरान के उन्नत परमाणु कार्यक्रम के प्रमाण अभी तक नहीं मिले हैं।

जाहिर है, जंग एकतरफा नहीं हो सकती। इसलिए मध्य पूर्व में भड़क रही जंग के लिए भी किसी एक पक्ष को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन शांति वार्ताओं के बीच ईरान पर हमले की शुरुआत निश्चय ही अमेरिका और इजराइल ने की। कभी जन संहारक हथियारों का हौव्वा खड़ा कर इराक पर हमला करने वाले अमेरिका के अब इस तर्क पर विश्वास कर पाना आसान नहीं कि ईरान उस पर हमला करने ही वाला था। राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को मौत के घाट उतार कर इराक को लगभग बर्बाद कर दिया गया, लेकिन जन संहारक हथियार आज तक नहीं मिले। 28 फरवरी को पहले ही हमले में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत 40 प्रमुख लोगों को मार दिया गया, लेकिन ईरान के उन्नत परमाणु कार्यक्रम के प्रमाण अभी तक नहीं मिले हैं। जाहिर है, राजनीति की तरह कूटनीति में भी माहौल बनाने के लिए बहुत कुछ कह दिया जाता है, जिसका सच से कोई वास्ता नहीं होता। इजराइल के खुफिया सूचना तंत्र की बदौलत खामेनेई समेत शीर्ष नेतृत्व के चालीस सदस्यों को पहले ही दिन मार गिराये जाने के बाद अमेरिका को लगा होगा कि ईरान में कठपुतली सरकार बनवाना बस एक-दो दिन का काम है, लेकिन 11 दिन से जारी जंग और विश्व पर उसके व्यापक असर से साफ हो गया कि वह आकलन गलत था। आर्थिक और सैन्य महाशक्ति अमेरिका से जीत की गलतफहमी ईरान को नहीं होगी, लेकिन उसकी संप्रभुता एवं अस्तित्व रक्षा की जंग लंबी चल सकती है।

कम आबादी के बावजूद इजराइल की उन्नत रक्षा तकनीक और सामर्थ्य किसी से छिपी नहीं है, लेकिन दोनों मिल कर भी ईरान पर काबू तो दूर, उसके जवाबी हमलों से बच तक नहीं पा रहे। 18-20 लाख रुपये लागत वाले ईरानी ड्रोन को मार गिराने के लिए अमेरिका को 35-37 करोड़ रुपये की मिसाइल चलानी पड़ रही है। अमेरिका का औसत युद्ध खर्च आठ हजार करोड़ रुपये प्रतिदिन आ रहा है। युद्ध के अन्य असर अलग हैं। जंग जितनी लंबी चलेगी, आर्थिक रूप से भी अमेरिका को भारी पड़ेगी। कभी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं कि जंग चार-पांच सप्ताह चल सकती है तो कभी जल्द समाप्त होने की भविष्यवाणी कर कच्चे तेल की कीमतों में लगी आग बुझाने की कोशिश करते हैं। उधर, ईरान छह महीने की तैयारी की बात कह रहा है। हालांकि ऐसी जंग के बीच मृतकों की सही संख्या बता पाना मुश्किल होता है। फिर भी मान लें कि ईरानी बहुत ज्यादा संख्या में मारे जा रहे हैं, तो यह नहीं भूलना चाहिए कि अपने सैनिकों की सुरक्षा को लेकर अमेरिका ज्यादा संवेदनशील माना जाता है। जंग जारी रही और जमीन पर भी उतरी तो ताबूत में स्वदेश लौटने वाले अमेरिकी सैनिकों की संख्या बढ़ेगी ही। इजराइल की जंग में अवांछित अग्रणी भूमिका के विरोध में जारी प्रदर्शन, अपने सैनिकों की मौत से न सिर्फ और भड़केंगे, बल्कि ट्रंप को उसकी भारी राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगी। व्यापारी मूलतः धैर्यवान माने जाते हैं, पर ट्रंप का उतावलापन किसी से छिपा नहीं है। ज्यादा पुरानी घटना नहीं है, जब ट्रंप ने फोर्स वन भेज कर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरौ को सपत्नीक उठवा लिया और खुद को वहां का कार्यवाहक राष्ट्रपति भी सोशल मीडिया पर लिखना शुरू कर दिया। खामेनेई के खात्मे के बाद



उन्होंने यह कहने में भी संकोच नहीं किया कि उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उन्हें मिलना चाहिए। किसी दूसरे देश का नेतृत्व खुद चुनने की सोच तानाशाही का मुंह बोलता प्रमाण ही है, लेकिन विश्व समुदाय मौन रहा। फिर भी जो हुआ, वह सबके सामने है। ट्रंप की धमकियों के बावजूद ईरान ने खामेनेई के बेटे मोजतबा को ही अपना नया सर्वोच्च नेता चुना और मध्य पूर्व में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले भी बदस्तूर जारी हैं। बेशक इससे मध्य पूर्व के ये इस्लामी देश ईरान के विरुद्ध हो जाएंगे, लेकिन वे तो पहले से ही अमेरिका का सैन्य अड्डा बने हुए हैं। वैसे खेद जताते हुए भी ईरान ने स्पष्ट कर दिया कि अगर वे उस पर हमलों के लिए लांचिंग पैड बनेंगे तो जवाबी हमले जारी रह सकते हैं। जाहिर है, इन देशों में अमेरिका ने सैन्य ठिकाने बनाये ही लांचिंग पैड की तरह इस्तेमाल के लिए हैं। अब इन देशों की सुरक्षा का दबाव अमेरिका पर अवश्य बढ़ रहा है। चीन और रूस द्वारा ईरान की मदद के अमेरिकी दावों का सच पता कर पाना आसान नहीं, लेकिन अगर अप्रत्यक्ष रूप से भी ऐसा हुआ तो जंग लंबी खिंचना तय है। ईरान ने जिस तरह चीन और रूस के अलावा शेष विश्व के लिए होर्मुज जल डमरूमध्य मार्ग बंद कर दिया है, उसके दो संदेश साफ हैंः एक, चीन और रूस के प्रति उसका मित्रताभाव। जाहिर है, ऐसी रियायत न मिलना भारत की कूटनीति पर सवाल भी खड़े करता है। दूसरा, इससे अन्य देशों की ऊर्जा चुनौतियां बढ़ेंगी, जो अमेरिका पर जंग समाप्ति का दबाव बना सकते हैं। 11 दिन की जंग में ही कई देशों में पेट्रोल-डीजल और गैस की किल्लत तथा आसमान छूती कीमतें भविष्य के गंभीर संकट का संकेत ही हैं। विश्व भर की ऊर्जा जरूरतों की लगभग एक-चौथाई आपूर्ति होर्मुज जलडमरू मध्य मार्ग से ही होती है, जिस पर ईरान का नियंत्रण है। खुद कभी भी और किसी भी देश पर हमला करना अपना अधिकार समझने वाले ट्रंप अंतरराष्ट्रीय जल मार्ग पर किसी का अधिकार न होने का तर्क देते हुए ईरान को और भी 20 गुना ज्यादा ताकत से हमले की धमकियां तो दे रहे हैं, पर उनका असर होने की उम्मीद नहीं दिखती। इराक और अफगानिस्तान समेत कई देशों में अमेरिकी सैन्य आक्रमण में भागीदार बनने वाले नाटो सदस्य देश इस बार ईरान पर हमले में साथ नहीं हैं। कुछ देशों ने तो अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल तक नहीं करने दिया। इसे विश्व व्यवस्था में अमेरिका के अलग-थलग पड़ने का संकेत भी माना जा रहा है। बेशक अहमन्यता और साम्राज्यवाद अमेरिकी चरित्र का हिस्सा रहा है, लेकिन ट्रंप जिस तरह दुनिया को खुलेआम धमका रहे हैं, उसे वैश्विक व्यवस्था के लिए ही खतरे के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। इसलिए यह युद्ध चाहे-अनचाहे नई वैश्विक व्यवस्था की भूमिका भी लिखने जा रहा है। शायद यही कारण है कि भारत समेत कुछ देश जल्दबाजी में अपने पत्ते नहीं खोलना चाहते। विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र तथा आर्थिक एवं सैन्य महाशक्ति अमेरिका की हैसियत डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल के बाद भी बरकरार रह पाएगी- इस पर अब संदेह और सवाल गहराने लगे हैं। गौरतलब है कि यूएस-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग का असर केवल इन देशों तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि दुनिया के कई देश इसके दायरे में आ चुके हैं। मिडिल ईस्ट में तनाव से गैस आपूर्ति का खतरा मंडरा रहा है। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं, पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर भी इसका असर दिखाई दे सकता है। आने वाले समय में ये संकट और बड़ा हो सकता है। स्ट्रेट ऑफ हार्मुज के बंद होने से जहाज फंसे हैं, जिसके कारण शिपिंग और फर्टिलाइजर के दाम बढ़ने की आशंका है। हालांकि इन चुनौतीपूर्ण हालात से निपटने के लिए भारत ने कूटनीतिक गतिविधियां तेज कर दी हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# सच बोलना सबसे बड़ी तपस्या



संकलित

**दर्शन**

सत्य ही सर्वस्व है। सत्य के बिना सदाचार, दान, कीर्ति, धन किसी काम के नहीं। जहां सत्य होगा, वहां ये सभी होंगे। सत्य परमात्मा है। सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है। सत्य के द्वारा मनुष्य ईश्वर के निकट जा सकता है। जंगलों, पहाड़ों और वीराने में एकांतवास करना तपस्या नहीं है। जीवन में सच बोलना और सच की राह पर चलना ही सबसे बड़ी तपस्या है। धर्म के चार पद हैं- सत्य, तप, दया और पवित्रता। इन चार चरणों में सत्य सर्वोपरि है। महाभारत में राजा सत्यदेव की कथा आती है। एक दिन राजा ने स्वप्न देखा कि चंचला लक्ष्मी उनके महल से कुछ समय पश्चात चली जाएगी। एक दिन सुबह जब सत्यदेव उठे, तो उन्होंने एक सुंदर स्त्री को घर से निकलते देखा। राजा ने आश्चर्य से उस स्त्री से पूछा, 'आप कौन हैं?' जवाब मिला, 'मेरा नाम लक्ष्मी है। अब मैं इस घर से जा रही हूं। राजा ने कहा कि आप जा सकती हैं। लक्ष्मीजी चली गईं। उसके पीछे एक सुंदर पुरुष को बाहर जाते देखकर राजा ने पूछा, आप कौन हैं?' उत्तर मिला, 'मेरा नाम दान है। लक्ष्मी के जाने के बाद आप दान नहीं कर सकेंगे, इसलिए मैं आपका घर छोड़ कर जा रहा हूं।' राजा ने कहा कि आप भी जा सकते हैं। इसके बाद तीसरा सदाचार और चौथा यश, पुरुष के रूप में बाहर आए। राजा के पूछने पर लक्ष्मी तथा दान के साथ जाने की कहने पर राजा ने दोनों को जाने दिया। जब पांचवां पुरुष सत्य जाने लगा, तो राजा ने हाथ जोड़ विनयपूर्वक कहा, 'मैंने तो आपका कभी त्याग नहीं किया। आप मुझको किसलिए छोड़ रहे हैं?

# समर्पण ही सच्ची भक्ति



संकलित

**प्रेरणा**

एक बार परमहंसदेव अपने शिष्यों को कुछ उपदेश दे रहे थे। वह शिष्यों को अवसर की महत्ता बता रहे थे । वह बोल रहे थे कि मनुष्य अक्सर अपने जीवन में आये सुअवसरों को ज्ञान और साहस की कमी के कारण खो देता है। अज्ञान के कारण मनुष्य या तो अवसर को समझ ही नहीं पाता और कोई समझ भी जाये तो उसका लाभ उठाने के अनुरूप उसमें साहस नहीं होता। जब उन्होंने देखा कि बात शिष्यों को समझ नहीं आ रही है तो उन्होंने सामने ही बैठे नरेंद्र से कहा– नरेंद्र ! मान ले अगर तू एक मक्खी है और तेरे सामने अमृत का एक कटोरा भरा पड़ा है। अब बता तू उसमें कूद पड़ेगा या किनारे बैठकर उसे छूने की कोशिश करेंगा? नरेंद्र बोला- किनारे बैठकर छूने की कोशिश करूंगा। बीच में कूद पड़ा तो प्राण संकट में आ सकते है । इसलिए बुद्धिमानी इसी में है कि किनारे बैठकर खाने की कोशिश की जाये। पास में बैठे दुसरे शिष्यों ने विवेकानंद के तर्क की खूब सराहना की । किन्तु परमहंसजी हँसे और बोले- मुर्ख! जिस अमृत को पीकर तू अमर होने की कल्पना करता है, उसमें भी डूबने से डरता है। जब अमृत में डूबने का सुअवसर मिल रहा है तो फिर मृत्यु का भय क्यों? तब शिष्यों को बात समझ में आई। चाहे आध्यात्मिक उन्नति हो या भौतिक, जब तक पूर्ण समर्पण नहीं होता, सफलता संदिग्ध है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्रकृति स्वरूपा है नारी ब्रह्मांड का आधार है नारी

प्रति वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिलाओं की सुरक्षा के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल की सच्चाईयां बहुत ही खौफनाक हैं। महिलाओं पर जुल्म बढ़ते ही जा रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि नारी प्रकृति स्वरूपा है, नारी ब्रह्मांड का आधार है, नारी जगत जननी है, न मजबूर न समझो इसे बेचारी। सजीवन एक खूबसूरत यात्रा है। इसी यात्रा में हम संघर्ष करते हुए सदैव गतिमान रहते हैं।

-श्रीजा शुक्ला, रोहतक

## ट्रेंड

### विनम्र श्रद्धांजलि



स्वधर्म, स्वराज एवं राष्ट्ररक्षा हेतु अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले महान मराठा छत्रपति संभाजी महाराज के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्रधर्म की वेदी पर उनका सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास में वीरता, त्याग एवं स्वाभिमान का स्वर्णिम अध्याय है।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### सिविक सेंस



कुछ लोग जब सदन के अंदर आते हैं तो सिविक सेंस, कॉन्स्टिट्यूशनल सेंस और कॉमन सेंस बाहर ही छोड़ कर आते हैं। राहुल गांधी को लगता है कि नियम उनके लिए नहीं है, नियम उनसे है।

-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा

### रसोई गैस संकट



देश में रसोई गैस आपूर्ति पर गहराता संकट बेहद चिंताजनक है। मोदी सरकार इस संभावित राष्ट्रीय संकट को लेकर भी हमेशा की तरह लापरवाह और असंवेदनशील बनी हुई है। समय रहते स्थिति का आकलन ना कर पाना केंद्र सरकार का स्पष्ट 'कलेक्टिव फेलियर' है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### कच्चे माल की सुरक्षा



भारत को ऐसे युद्ध के प्रतिकूल परिणामों का सामना करते देखना दुखद है, जिससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है, खासकर कच्चे माल की सुरक्षा के संदर्भ में। हमें अपने तेल, तांबे, सोने या किसी अन्य धातु संसाधन का आयात नहीं करना पड़ता।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

# मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर अटकलें तेज



ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर बुधवार को उस समय अटकलें तेज हो गईं जब ईरान के राष्ट्रपति के बेटे ने उनके 'घायल होने' संबंधी समाचार सुनने की बात कही। मोजतबा (56) इजराइल और अमेरिका के हमलों में मारे गए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे हैं। ईरान में मोजतबा लंबे समय से एक रहस्यमय शख्सियत रहे हैं। उनके पिता एवं पत्नी की 28 फरवरी को इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई थी और उसी हमले के बाद युद्ध शुरू हुआ। इसके बाद से मोजतबा सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए हैं और सोमवार को सर्वोच्च नेता बनने के बाद से उन्होंने कोई बयान भी नहीं दिया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के बेटे यूसुफ पेजेश्कियन ने टेलीग्राम ऐप पर रात में एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा , मैंने मोजतबा के घायल होने की खबरें सुनीं। मैंने उनके संपर्क में रहे मित्रों से इसके बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि 'अल्लाह का शुक्र है, वह स्वस्थ हैं और कोई समस्या नहीं है।

## ऑफ बीट

# 'भारत टैक्सी' का जल्द ही सभी बड़े शहरों में विस्तार




सरकार ने बुधवार को कहा कि सहकारी क्षेत्र की परिवहन सेवा 'भारत टैक्सी' का अगले दो से तीन वर्षों में देश के सभी बड़े शहरों और तालुका तक विस्तार किया जाएगा। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान सहकारी समितियों द्वारा रोजगार सृजन से जुड़े पूरक सवालों के जवाब में सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल ने कहा कि 'भारत टैक्सी' की शुरुआत ड्राइवरों को सशक्त बनाने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा, इसकी बुकिंग मोबाइल ऐप के माध्यम से आसानी से की जा सकती है। इसमें सुरक्षा की पूरी गारंटी और पूर्ण पारदर्शिता है। इसे दिल्ली पुलिस के साथ भी संबद्ध किया गया है। मंत्री ने बताया कि 'भारत टैक्सी' फिलहाल दिल्ली-एनसीआर के अलावा गुजरात के अहमदाबाद, राजकोट, सोमनाथ और द्वारका में संचालित हो रही है। उन्होंने कहा, अगले दो या तीन वर्षों में इस सेवा को सभी बड़े शहरों और तालुका तक पहुंचाया जाएगा। अब तक इसके साथ चार लाख ड्राइवर पंजीकृत हो चुके हैं। पिछले महीने केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 'भारत टैक्सी' सेवा की शुरुआत की थी, जो सहकारी आधार पर संचालित देश का पहला 'राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म' है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफीः हरियाणा की धमाकेदार जीत, विदर्भ को 130 रनों से रौंदा




**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** पुडुचेरी के सीएपी ग्राउंड-2 में खेले गए महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफी के एलीट मुकाबले में हरियाणा ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर विदर्भ को 130 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया। हरियाणा की इस जीत में बल्लेबाजों के ठोस प्रदर्शन के बाद अमनदीप कौर की घातक गेंदबाजी का मुख्य योगदान रहा।

**बल्लेबाजों ने खड़ा किया मजबूत स्कोरः** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 6 विकेट खोकर 255 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से तीन अर्धशतकीय पारियां देखने को मिलीं। कप्तान सोनिया मेंधिया ने 85 गेंदों में 66 रन की कप्तानी पारी खेली। साक्षी लोहिया ने 92 गेंदों में 64 रनों का महत्वपूर्ण



योगदान दिया। दीया यादव ने 48 गेंदों में 58 रन बनाए, जिससे टीम मजबूत स्थिति में पहुंची। अन्य योगदानों में कोमल बिश्नोई ने 23 और तनिष्का शर्मा ने 18 रन जोड़े।

### अमनदीप कौर के पंजे में फंसा विदर्भ

56 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदर्भ की टीम हरियाणा के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के सामने ताश के पत्तों की तरह ढह गई। पूरी टीम 41.1 ओवर में महज 125 रनों पर सिमट गई। हरियाणा की जीत की मुख्य सूत्रधार अमनदीप कौर रहीं। उन्होंने अपने 10 ओवर के कोटे में किफायती और घातक गेंदबाजी करते हुए केवल 17 रन दिए और 5 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। उनके स्पेल में 2 मेडन ओवर भी शामिल थे और उनका इकोनॉमी रेट मात्र 1.7 रहा। अन्य गेंदबाजों में गुलशन अली ने 2 विकेट। रागिनी लाठवाल, सानिया मेंधिया और समायरा सहगल ने 1-1 विकेट लिया। विदर्भ की ओर से रिद्धिमा मराडवार (27), तृप्ति लोधे (26) और वेदांती सालोडकर (17) ने टिकने की कोशिश की, लेकिन किसी भी बड़ी साझेदारी के अभाव में टीम को हार का सामना करना पड़ा।

# राजस्थान ने असम को दस विकेट से दी करारी शिकस्त

**रोहतक (लाहली)।** चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए वूमेंस अंडर-23 वनडे ट्रॉफी के एलीट ग्रुप मुकाबले में राजस्थान की टीम ने अपनी बादशाहत कायम करते हुए असम को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। राजस्थान की धारदार गेंदबाजी के सामने असम की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह ढह गई और पूरी टीम महज 45 रनों पर सिमट गई।

**असम की बल्लेबाजी फ्लॉप, 45 रन पर हुई ढेरः** मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी असम की टीम राजस्थान की सधी हुई गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आई। पूरी टीम 30.3 ओवरों का सामना करने के बाद केवल 45 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू सकी। रेशमी सिन्हा ने सर्वाधिक 8 रन बनाए, जबकि हेमलता पायेंग ने 6 और डाली कार्डोंग ने 5 रनों का योगदान दिया।

### गेंदबाजों ने बरपाया कहर

राजस्थान की गेंदबाजों ने मैच की शुरुआत से ही असम पर दबाव बनाए रखा। शानू और मैना सियोल ने घातक गेंदबाजी करते हुए महत्वपूर्ण विकेट झटके, वहीं अर्चना योगी ने भी बेहद किफायती और प्रभावी स्पेल डालकर असम की कमर तोड़ दी।

### राजस्थान की आसान जीत

46 रनों के छोटे से लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम ने बिना किसी नुकसान के मात्र 13 ओवरों में ही जीत हासिल कर ली। सलामी बल्लेबाज तनिका शर्मा ने नाबाद 23 रन और नंदिनी पालीवाल ने नाबाद 14 रनों की पारी खेलकर टीम को 10 विकेट से शानदार जीत दिलाई।

## खबर संक्षेप



### ऑस्ट्रेलिया की शरण में दो ईरानी महिला फुटबॉलर

**वेलिंगटन।** ईरान की महिला फुटबॉल टीम की दो और सदस्यों को ऑस्ट्रेलिया में शरण दी गई है। देश के गृह मंत्री टोनी बर्क ने यह जानकारी दी। यह टीम ईरान में युद्ध शुरू होने से पहले एक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया आई थी। बर्क ने कैनबरा में बताया कि ऑस्ट्रेलिया ने पांच खिलाड़ियों को पहले शरण दी थी और अब दो अन्य खिलाड़ियों को शरण दी गई है। दोनों ने उनकी टीम के अन्य सदस्यों को हवाई अड्डा ले जाने से पहले ही शरण मांगी थी।

### पाकिस्तान की राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से हटे बाबर

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने 26 मार्च से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से पहले अपनी बल्लेबाजी की तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है।



### एचआरटी फोर्ड रेसिंग के साथ बने रहेंगे मैनी

**नई दिल्ली।** भारतीय ड्राइवर अर्जुन मैनी 2026 के डीटीएम सत्र में भी एचआरटी फोर्ड रेसिंग टीम के साथ बने रहेंगे। टीम ने बुधवार को यह घोषणा की। मैनी एचआरटी फोर्ड रेसिंग के प्रमुख ड्राइवरों में से एक हैं। टीम फोर्ड मस्टैंग जीटी3 ईवीओ के साथ डीटीएम के नए सत्र के लिए तैयार है। फोर्ड रेसिंग के ड्राइवर मैनी के पास डीटीएम का व्यापक अनुभव है और वह टीम के अभिन्न अंग बने हुए हैं।



### विश्व कप फुटबॉल में भाग लेगा ईरान : फीफा

**मियामी।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने कहा कि उसे उम्मीद है कि ईरान की राष्ट्रीय टीम को अमेरिका आने और लगभग तीन महीने में शुरू होने वाले विश्व कप में खेलने की अनुमति दी जाएगी, भले ही दोनों देशों के बीच युद्ध जारी हो। ईरान की टीम विश्व कप के ग्रुप चरण में अपने सभी मैच अमेरिका में खेलेगी। उसकी टीम 15 जून को कैलिफोर्निया के इंगलेवुड में न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

### बैडमिंटन : किरण जॉर्ज ने लोह को हराया

**बासेल।** किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू पर सीधे गेम में जीत दर्ज की जबकि स्विस ओपन में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए मिलाजुला दिन रहा। दुनिया में 42वें नंबर के खिलाड़ी किरण ने अपने शुरुआती दौर के मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त लोह को 23-21, 21-19 से हराया। वह अगले दौर में हांगकांग के जेसन गुनावन से भिड़ेंगे। गुनावन ने पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत का अभियान समाप्त करते किया। भारतीय खिलाड़ी को 21-15, 12-21, 4-21 से हार का सामना करना पड़ा। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने भी अपने शुरुआती मैच में जेस्पर टॉफ्ट और अमाली मैगेलुंड की चौथी वरीयता प्राप्त डेनमार्क की जोड़ी के खिलाफ 21-15, 21-14 से उलटफेर भरी जीत दर्ज की।

## ईशान किशन और सैमसन ने लगाई लंबी छलांग, अभिषेक शीर्ष पर बरकरार

# आईसीसी टी20 रैंकिंग में टीम इंडिया के बल्लेबाजों का एक बार फिर जलवा

> आईसीसी की ओर से टी20 विश्व कप के बाद नई रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें कई सारे उलटफेर और बदलाव हैं। हालांकि भारतीय बल्लेबाज छाए हुए हैं।

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी की ओर से एक बार फिर से रैंकिंग जारी कर दी है। टी20 विश्व कप के बाद ये पहली रैंकिंग है। इस बीच टीम इंडिया के बल्लेबाजों का जलवा फिर से देखने के लिए मिल रहा है। ईशान किशन ने लंबी छलांग लगाते हुए दूसरे नंबर की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है। अब अभिषेक शर्मा की पहले नंबर की कुर्सी पर खतरा खड़ा हो गया है। संजू सैमसन भी अपने शानदार खेल की बदौलत उड़ान भरने में कामयाब रहे हैं। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा को हल्का सा नुकसान हुआ है।

### अभिषेक नंबर एक बल्लेबाज

टी20 विश्व कप के बाद आईसीसी ने नई टी20 की रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें अभिषेक शर्मा अभी भी नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। हालांकि उनकी कुर्सी पर खतरा आ गया है, क्योंकि पहले और दूसरे नंबर के बल्लेबाज के बीच अब ज्यादा गैप नहीं है। अभिषेक शर्मा की रेटिंग 875 की है। इसके बाद दूसरे नंबर पर ईशान किशन हैं। उन्होंने इस बार दो स्थानों की छलांग मारी है। उनकी रेटिंग 871 की हो गई है। यानी पहले और दूसरे नंबर के बल्लेबाज के बीच केवल चार अंकों का ही फासला है।




### संजू ने 18 स्थानों की मारी छलांग

इस बीच संजू सैमसन का भी जिक्र किया जाना जरूरी है। इस बार उन्होंने एक साथ 18 स्थानों की छलांग मारी है और वे सीधे 22 नंबर पर पहुंचने में कामयाब रहे हैं। टी20 विश्व कप 2026 के आखिरी के तीनों मैचों में संजू ने 80 से अधिक रन बनाए थे। इसका फायदा उन्हें रैंकिंग में भी मिलता हुआ नजर आ रहा है।





### बुमराह और अक्षर को फायदा

विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद जिन अन्य गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार हुआ है उनमें आदिल रशीद (एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर), जसप्रीत बुमराह (एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और अक्षर पटेल (छह पायदान ऊपर 17वें स्थान पर) शामिल हैं।

### वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान से हटे

टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान से हट गए हैं और उनकी जगह अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं।

### टिम सिफर्ट को जबरदस्त फायदा



पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान अब एक स्थान के नुकसान के साथ तीसरे नंबर पर चले गए हैं। उनकी रेटिंग अभी 848 की है। इंग्लैंड के फिल साल्ट को भी एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे 792 की रेटिंग के साथ नंबर चार पर हैं। श्रीलंका के पथुम निसंका पहले की ही तरह नंबर पांच पर हैं। न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को इस बार जबरदस्त फायदा हुआ है। वे चार स्थानों की छलांग लगाकर सीधे नंबर 6 पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 749 की हो गई है। भारत के तिलक वर्मा को भी इस बार एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे अब नंबर 7 पर चले गए हैं। साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस नंबर आठ पर हैं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी दो स्थानों का नुकसान उठाना पड़ा है। वे नौवें नंबर पर खिसक गए हैं।

# आईपीएल 2026 के पहले चरण का कार्यक्रम घोषित

## पहला मुकाबला बेंगलुरु और हैदराबाद के बीच 28 मार्च को हैदराबाद में खेला जाएगा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण खिलाड़ियों की यात्रा के इंतजामों को लेकर बनी चिंताओं के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पहले चरण का कार्यक्रम घोषित किया जिसमें मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शुरूआती मैच में 28 मार्च को बेंगलुरु में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले सभी मैच फिलहाल कर्नाटक सरकार की विशेषज्ञ समिति की मंजूरी पर निर्भर करेंगे। पिछले सत्र में स्टेडियम में हुई भगदड़ को ध्यान में रखते हुए यह समिति 13 मार्च को बैठक में टूर्नामेंट की तैयारियों का आकलन करेगी। बीसीसीआई ने बुधवार को पहले 20 मैच का कार्यक्रम जारी किया है। पूरे टूर्नामेंट का कार्यक्रम तब घोषित किया जाएगा जब तीन राज्यों तमिलनाडु, असम और पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनावों की तारीख घोषित हो जाएंगी।



बीसीसीआई के अधिकारियों के दिमाग में राज्य चुनावों के अलावा पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष भी सबसे अहम होगा। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष का असर अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा पर पड़ा है जिससे प्रमुख हवाई अड्डों जैसे दोहा और दुबई में संचालन पर भारी प्रतिबंध लगने से कई उड़ानें प्रभावित हुई हैं। इसी कारण दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम के कुछ खिलाड़ी टी20 विश्व कप समाप्त होने के एक सप्ताह बाद भी अपने देश नहीं लौट पाए हैं।

### शुरूआती 20 मैचों का शेड्यूल

| तारीख | दिन | मुकाबला / वेन्यू |
|---|---|---|
| 28 मार्च 2026 | शनिवार, शाम | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु vs हैदराबाद- बेंगलुरु |
| 29 मार्च 2026 | रविवार, शाम | मुंबई इंडियंस vs कोलकाता नाइट राइडर्स- मुंबई |
| 30 मार्च 2026 | सोमवार, शाम | राजस्थान रॉयल्स vs चेन्नई सुपर किंग्स- गुवाहाटी |
| 31 मार्च 2026 | मंगलवार, शाम | पंजाब किंग्स vs गुजरात टाइटंस - मुल्लांपुर |
| 1 अप्रैल 2026 | बुधवार, शाम | लखनऊ सुपर जायंट्स vs दिल्ली कैपिटल्स-लखनऊ |
| 2 अप्रैल 2026 | गुरुवार, शाम | कोलकाता नाइट राइडर्स vs हैदराबाद- कोलकाता |
| 3 अप्रैल 2026 | शुक्रवार, शाम | चेन्नई सुपर किंग्स vs पंजाब किंग्स- चेन्नई |
| 4 अप्रैल 2026 | शनिवार, दोपहर | दिल्ली कैपिटल्स vs मुंबई इंडियंस- दिल्ली |
| 4 अप्रैल 2026 | शनिवार, शाम | गुजरात टाइटंस vs राजस्थान रॉयल्स-अहमदाबाद |
| 5 अप्रैल 2026 | रविवार, दोपहर | सनराइजर्स हैदराबाद vs लखनऊ जायंट्स- हैदराबाद |
| 5 अप्रैल 2026 | रविवार, शाम | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु vs चेन्नई सुपर किंग्स बेंगलुरु |
| 6 अप्रैल 2026 | सोमवार, शाम | कोलकाता नाइट राइडर्स vs पंजाब किंग्स-कोलकाता |
| 7 अप्रैल 2026 | मंगलवार, शाम | राजस्थान रॉयल्स vs मुंबई इंडियंस-गुवाहाटी |
| 8 अप्रैल 2026 | बुधवार, शाम | दिल्ली कैपिटल्स vs गुजरात टाइटंस - दिल्ली |
| 9 अप्रैल 2026 | गुरुवार, शाम | कोलकाता नाइट राइडर्स vs लखनऊ कोलकाता |
| 10 अप्रैल 2026 | शुक्रवार, शाम | राजस्थान रॉयल्स vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु गुवाहाटी |
| 11 अप्रैल 2026 | शनिवार, दोपहर | पंजाब किंग्स vs सनराइजर्स हैदराबाद- मुल्लांपुर |
| 11 अप्रैल 2026 | शनिवार, शाम | चेन्नई सुपर किंग्स vs दिल्ली कैपिटल्स- चेन्नई |
| 12 अप्रैल 2026 | रविवार, दोपहर | लखनऊ सुपर जायंट्स vs गुजरात टाइटंस- लखनऊ |
| 12 अप्रैल 2026 | रविवार, शाम | मुंबई इंडियंस vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु- मुंबई |

## नवनीत कौर की हैट्रिक ने भारत ने विश्व कप क्वालीफायर में वेल्स को 4-1 से हराया

**हैदराबाद (भाषा)।** नवनीत कौर की हैट्रिक से भारत ने बुधवार को यहां महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के पूल बी मैच में वेल्स के खिलाफ 4-1 से शानदार जीत दर्ज की। जीएमसी बालायोगी हॉकी मैदान पर साक्षी राणा (सातवें मिनट) के शुरुआती गोल के बाद नवनीत (29वें, 34वें और 55वें मिनट) ने तीन गोल करके भारत की आसान जीत सुनिश्चित की। हालांकि भारत ने इस मुकाबले से पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी लेकिन इस नतीजे ने यह सुनिश्चित कर दिया कि टीम तालिका में शीर्ष पर रहेगी। भारत अब फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए शुक्रवार को इटली से भिड़ेगा। पहले क्वार्टर में भारत ने तेज शुरुआत की। वेल्स की टीम के जोरदार खेल के बावजूद भारत ने तेज जवाबी हमलों से विरोधी टीम पर दबाव बनाया। मेजबान टीम ने सातवें ही मिनट में बढ़त बना ली जब सलीमा टेटे ने दाईं ओर से मूव बनाया और साक्षी ने सर्कल के किनारे से एक जोरदार रिवर्स हिट लगाकर भारत को बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत ने दबाव बनाया। उदिता को पेनल्टी कॉर्नर पर बढ़त दोगुनी करने का मौका मिला लेकिन वह नाकाम रहीं। भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी लय बनाए रखी।

इंडियन वेल्स

## भांबरी-गोरानसन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची

एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और स्वीडन के उनके जोड़ीदार गोरान गोरानसन ने सैंडर एरेंड्स और जिरी लेहेका की जोड़ी पर सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

भांबरी और गोरानसन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एरेंड्स और लेहेका को 6-4 6-4 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे 14 मिनट तक चला। मैच में उन्हें एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा और इस बीच उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों की दो बार सर्विस



तोड़ी। भारत और स्वीडन की जोड़ी ने मैच में अधिकतर समय दबदबा बनाए रखा।

उन्होंने प्रत्येक सेट में एक-एक ब्रेक प्वाइंट हासिल किया और आसानी से जीत दर्ज की। भांबरी और गोरानसन इस प्रतिष्ठित एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के अंतिम आठ के मुकाबले में ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एरलर और इटली के एंड्रिया वावासोरी का सामना करेंगे।

## क्रिकेटः बांग्लादेश ने पाक को आठ विकेट से हराया

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश की टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज का जीत से आगाज किया है। पाकिस्तान की टीम का इस मुकाबले में बुरा हाल हो गया। बांग्लादेश ने 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। ढाका के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में पाकिस्तान की टीम टॉस हारकर पहले खेलने उतरी और 114 रन पर सिमट गई। जवाब में मेजबान टीम ने 15.1 ओवर यानी 91 गेंदों में ही मुकाबला जीत लिया। बांग्लादेश के लिए गेंदबाजी में जहां नाहिद राणा ने जलवा बिखेरा था। वहीं उसके बाद बल्लेबाजी में तंजिद हसन तमीम ने बेहतरीन अर्धशतक जड़ा और टीम को आसान जीत दिला दी। तमीम ने नाबाद रहते हुए 42 गेंद पर 67 रन की बेहतरीन पारी खेली। पाकिस्तान के लिए मात्र दो विकेट ही गेंदबाज ले पाए। एक विकेट कप्तान शाहीन अफरीदी और एक विकेट मोहम्मद वसीम जूनियर को मिला।

## विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कपः प्रियांश अंबेकर व साहिल का शानदार प्रदर्शन

**बैंकॉक (एजेंसी)।** प्रियांश सहरावत, एल अंबेकर और साहिल दुहान ने बुधवार को यहां आसान जीत दर्ज की जिससे भारत की युवा मुक्केबाजी टीम ने विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप के चौथे दिन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। सुबह के सत्र में प्रियांश (70 किग्रा) ने भारत के लिए दिन की सकारात्मक शुरुआत करते हुए लातविया के मुक्केबाज को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया। शाम के सत्र में भी भारतीय मुक्केबाजों ने दो और आसान जीत दर्ज की। अंबेकर ने 50 किग्रा वर्ग में ताजिकिस्तान के मुक्केबाज को 5-0 से शिकस्त दी जबकि साहिल ने भी 60 किग्रा वर्ग में ताजिकिस्तान के ही मुक्केबाज को सर्वसम्मत फैसले से हराया। इस बीच अमन सिवाच (65 किग्रा) को यूक्रेन के मुक्केबाज के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जब रैफरी ने दूसरे राउंड के बीच में ही मुकाबला रुकवा दिया।



## प्रवीण कुमार ने स्वर्ण पदक जीता, विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में भारत चमका

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के ऊंची कूद के स्टार एथलीट प्रवीण कुमार ने बुधवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री के पहले दिन अपनी स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए एक और स्वर्ण पदक जीता जिससे मेजबान टीम ने कई पदक अपने नाम किए। पेरिस पैरालिंपिक 2024 के स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण ने पुरुषों की टी44 ऊंची कूद में दबदबा बनाया और 1.96 मीटर की छलांग लगाकर शीर्ष पोडियम स्थान हासिल किया। साथी भारतीय उन्नी रेणु (1.86 मीटर) और बंती (1.83 मीटर) ने इस स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता जिसमें भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा और विदेशी खिलाड़ी सीमित थे। शैलेश कुमार ने पुरुषों की टी42 ऊंची कूद में 1.84 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता जबकि रामसिंहभाई गोव पढियार (1.65 मीटर) और लोकेश मंत्रा (1.60 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता, जिससे भारत ने इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया। महिलाओं की 100 मीटर टी35-टी37 स्पर्धा में पेरिस खेलों में दो बार कांस्य पदक जीतने वाली प्रीति पाल ने 14.46 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता जिससे मार्गरीटा माटेवा (16.25) दूसरे नंबर पर आ गईं जबकि करीना माचुलस्काया ने 17.38 सेकंड में कांस्य पदक जीता।

## आईसीसी ने घोषित की प्राइज मनी, भारत को मिलेंगे 2.63 मिलियन डॉलर

# आईसीसी ने टीम इंडिया पर की धन की वर्षा

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुरुषों का टी20 विश्व कप समाप्त होने के बाद बुधवार को खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि की घोषणा की, जो रिकॉर्ड 1.125 करोड़ अमेरिकी डॉलर है, जिसमें घरेलू मैदान पर चैंपियन बनी भारतीय टीम को सबसे बड़ा हिस्सा 2,639,423 डॉलर (लगभग 25 करोड़ रुपए) मिला।

भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरी ट्रॉफी अपने नाम की। उपविजेता न्यूजीलैंड को




14,22,692 अमेरिकी डॉलर (लगभग 13 करोड़ रुपए) मिले जबकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड को क्रमशः लगभग 9.24 करोड़ रुपए और 8.96 करोड़ रुपए प्राप्त हुए।

अन्य शीर्ष टीमों में वेस्टइंडीज को 5,38,269 अमेरिकी डॉलर मिले जबकि अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलने वाली पाकिस्तान टीम को 5,22,692 अमेरिकी डॉलर मिले। जिम्बाब्वे को 4,91,538 अमेरिकी डॉलर और श्रीलंका को 4,75,962 अमेरिकी डॉलर दिए गए।

### सुपर-8 से बाहर हुई टीमें हुई मालामाल

सुपर आठ चरण में बाहर हुई अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की टीमों को प्रत्येक 3,09,808 अमेरिकी डॉलर मिले। स्कॉटलैंड को 2,78,654 अमेरिकी डॉलर और आयरलैंड को 2,71,731 अमेरिकी डॉलर जबकि चार अन्य टीम इटली, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल प्रत्येक 2,56,154 अमेरिकी डॉलर दिए गए। कनाडा, नामीबिया और ओमान प्रत्येक को 2,25,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि दी गई। आईसीसी ने कहा कि यह पुरस्कार राशि वितरण खिलाड़ियों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन बढ़ाने और सदस्य देशों में क्रिकेट के विकास को मजबूत करने के उसके लगातार प्रयासों को दर्शाता है।




**युद्ध के 12वें दिन ईरानी आईआरजीसी की अमेरिका और इजराइल को कड़ी चेतावनी**

# अगला लक्ष्य टेक कंपनियां, बैंक और इंफ्रास्ट्रक्चर

*गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, पलेंटिर, आईबीएम, एनवीडिया और ओरेकल जैसी कंपनियां शामिल, ईरान का आरोप इन कंपनियों की तकनीक का इस्तेमाल सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा*




एजेंसी ▶▶ तेहरान

मिडिल ईस्ट में इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध ने अब इंफ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक लक्ष्यों को निशाना बनाना शुरू किया है। ईरानी मीडिया ने रिपोर्ट किया है कि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट समेत कई अमेरिकी टेक कंपनियों के ऑफिस और इंफ्रास्ट्रक्चर ईरान के नए हमले की सूची में शामिल हैं। ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़ी तस्नीम न्यूज एजेंसी ने इन कंपनियों की सूची जारी की है, जिन्हें ईरान के नए लक्ष्य बताया गया है। इस सूची में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, पलेंटिर, आईबीएम, एनवीडिया और ओरेकल जैसी कंपनियां शामिल हैं। इनके ऑफिस इजराइल के कई शहरों और कुछ खाड़ी देशों में स्थित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन कंपनियों की तकनीक का इस्तेमाल इजराइल के सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। तस्नीम ने लिखा कि क्षेत्रीय युद्ध के दायरे में इंफ्रास्ट्रक्चर युद्ध शामिल होने के साथ ईरान के वैध लक्ष्यों का दायरा भी बढ़ रहा है। ईरान ने अमेरिका और इजराइल से जुड़े आर्थिक केंद्रों और बैंकों को भी निशाना बनाने की चेतावनी दी है। खातम अल-अंबिया मुख्यालय (जिसे संयुक्त राष्ट्र आईआरजीसी से जुड़ा बताता है) के प्रवक्ता ने कहा कि दुश्मन ने हमें अमेरिका और जायोनी शासन से जुड़े आर्थिक केंद्रों और बैंकों को निशाना बनाने की खुली छूट दे दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि क्षेत्र के लोगों को ऐसे बैंकों के एक किलोमीटर के दायरे में नहीं रहना चाहिए। टेक कंपनियों के मिडिल ईस्ट में ऑफिस, जैसे गूगल का दुबई में मुख्यालय और माइक्रोसॉफ्ट का यूएई में प्रमुख कार्यालय, अब खतरे में हैं।


इजराइल का लेबनान की राजधानी बेरुत पर मिसाइल से हमला, इमारतें और वहां खड़ी कारें क्षतिग्रस्त

## हम पर हमले हो रहे, मध्यस्थ नहीं बन सकतेः कतर

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कतर के विदेश मामलों के राज्य मंत्री मोहम्मद बिन



अब्दुलअजीज अल-खुलैफी ने साफ कहा है कि मौजूदा हालात में वह ईरान और पश्चिमी देशों के बीच मध्यस्थ की भूमिका नहीं निभा सकता। उन्होंने कहा हम पर हमले हो रहे हों तो हम मध्यस्थ की भूमिका नहीं निभा सकते। ईरान को यह समझने की जरूरत है। क्षेत्र के देश ईरान के दुश्मन नहीं हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि ईरान इस बात को नहीं समझ रहा।

## ईरान में फंसे 9000 भारतीय छात्र, दो भारतीयों की मौत, एक लापता

**दुबई** के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएक्सबी) के पास दो ड्रोन गिराए गए हैं। इस घटना में दो भारतीयों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पेशल कंट्रोल रूम बनाए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीय डायस्पोरा की सुरक्षा और कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रवक्ता ने युद्ध में अब तक मारे गए और घायल हुए भारतीयों को लेकर भी अपडेट दिया। जायसवाल ने कहा कि खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय रहते हैं. इनकी संख्या करीब 1 करोड़ है। ईरान में ही लगभग 9 हजार स्टूडेंट्स हैं। हमने कई लोगों को असुरक्षित इलाकों से दूसरी जगहों पर शिफ्ट किया है।


हमले के बाद दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर संचालन सामान्य रूप से जारी है


रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता

### सरकार पीड़ित परिवारों की मदद कर रही, स्थिति पर नजरः विदेश मंत्रालय

वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इन मौतों की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद कर रही है और स्थिति पर नजर रखे हुए है। मंत्रालय ने भारतीयों की सुरक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक खास कंट्रोल रूम भी बनाया है। यह कंट्रोल रूम लगातार काम कर रहा है। यहां भारतीयों की सुरक्षा को लेकर कई फोन आ रहे हैं और अधिकारी लोगों को जरूरी सलाह दे रहे हैं। खाड़ी देशों में भी कुछ भारतीय नागरिक घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। दुबई में घायल हुए एक भारतीय नागरिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भारतीय दूतावास इन सभी लोगों के साथ लगातार संपर्क में है।

# ईरान को आंकने में गलती कर बैठे ट्रंप और उनके सलाहकार

**तेहरान ने अमेरिका को दूतावास खाली करने पर मजबूर किया**

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 18 फरवरी को जब यह विचार कर रहे थे कि क्या ईरान पर सैन्य हमला किया जाए, तब ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ने



एक साक्षात्कार में कहा कि उन्हें इस बात की चिंता नहीं है कि आसन्न युद्ध से मध्य पूर्व में तेल आपूर्ति बाधित हो सकती है और ऊर्जा बाजारों में उथल-पुथल मच सकती है। राइट ने कहा था कि पिछले जून में इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के दौरान भी बाजारों में बहुत कम व्यवधान आया था। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतें थोड़ी बढ़ीं और फिर वापस नीचे आ गईं। ट्रंप के कुछ अन्य सलाहकारों ने भी निजी तौर पर इसी तरह की राय व्यक्त की और इस चेतावनी को खारिज कर दिया कि इस बार ईरान आर्थिक युद्ध छेड़ सकता है और दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल आपूर्ति ले जाने वाले समुद्री मार्गों को बंद कर सकता है। हाल के दिनों में इस गलत आकलन की गंभीरता सामने आई, जब ईरान ने चेतावनी दी कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले वाणिज्यिक तेल टैंकरों पर हमला कर सकता है। यह वह रणनीतिक संकीर्ण समुद्री मार्ग है, जिससे होकर फ़ारस की खाड़ी से बाहर जाने वाले सभी जहाज गुजरते हैं। ईरानी धमकियों की वजह में खाड़ी क्षेत्र में वाणिज्यिक शिपमेंट लगभग ठप हो गया, तेल की कीमतें तेज़ी से बढ़ गईं और ट्रंप प्रशासन को उस आर्थिक संकट को कम करने के उपाय खोजने पड़े, जिसने अमेरिकियों के लिए पेट्रोल की कीमतें बढ़ा दी हैं।

### अधिक आक्रामक है प्रतिक्रिया

यह इस बात का उदाहरण है कि ट्रंप और उनके सलाहकारों ने यह कितना गलत आंका कि तेहरान की सरकार जिस संघर्ष को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानती है, उस पर ईरान कैसी प्रतिक्रिया देगा। ईरान ने पिछले जून के 12-दिवसीय युद्ध की तुलना में कहीं अधिक आक्रामक प्रतिक्रिया दी है। मध्य पूर्व के विभिन्न देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों, अरब देशों के शहरों और इजराइल के आबादी वाले इलाकों पर मिसाइलों और ड्रोन की बौछार कर दी। अमेरिकी अधिकारियों को हालात के अनुसार तुरंत योजनाएं बदलनी पड़ीं। दूतावासों की जल्दबाज़ी में निकासी का आदेश देना पड़ा और गैस की कीमतें कम करने के लिए नई नीतियां तैयार करने पर मजबूर होना पड़ा।

### *17 अमेरिकी ठिकानों पर चोट कर चुका है ईरान*

*ईरान ने देश पर हुए अमेरिकी-इजराइली हमले के जवाब में पूरे मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए, जिनमें दूतावासों को निशाना बनाया गया, अमेरिकी सैनिक मारे गए और कई सैन्य अड्डों तथा वायु रक्षा ढांचे को नुकसान पहुंचा। कम से कम 17 अमेरिकी ठिकानों और अन्य प्रतिष्ठानों को ईरानी हमलों से नुकसान पहुंचा है। इनमें से कई स्थानों पर युद्ध शुरू होने के बाद एक से अधिक बार हमले हुए हैं। यह विश्लेषण उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाणिज्यिक सैटेलाइट तस्वीरों, सत्यापित सोशल मीडिया वीडियो और अमेरिकी अधिकारियों तथा ईरानी सरकारी मीडिया के बयानों पर आधारित है। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के अनुसार जवाबी हमलों की तीव्रता से संकेत मिलता है कि ईरान युद्ध के लिए उतना अधिक तैयार था, जितना ट्रंप प्रशासन के कई लोगों ने अनुमान नहीं लगाया था।ईरान ने पूरे क्षेत्र में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के सैन्य ठिकानों पर हजारों मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार अमेरिका और उसके सहयोगियों ने इनमें से अधिकांश को रोक लिया, लेकिन कम से कम 11 अमेरिकी सैन्य अड्डों या प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचा। ये क्षेत्र में मौजूद ऐसे ठिकानों का लगभग आधा हिस्सा है। 28 फरवरी को संघर्ष के पहले दिन ईरान ने कई अमेरिकी सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाया, जिनमें प्रिंस सुल्तान एयर बेस, अली अल सलाम एयर बेस और अल उदैद एयर बेस शामिल हैं। यह मध्य पूर्व में अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है। सैटेलाइट तस्वीरों में कई स्थानों पर इमारतों और संचार ढांचे को भारी नुकसान दिखाई देता है।*




## राजदूत गोर बोले- पूरी दुनिया में तेल की कीमतें स्थिर रखने में भारत की 'महत्वपूर्ण' भूमिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की 'एनर्जी डिप्लोमेसी' के आगे अमेरिका ने घुटने टेक दिए हैं। अभी कुछ हफ्ते पहले तक भारत का रूस से तेल खरीदना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बहुत ही ज्यादा खटकता था। अमेरिका ने भारत पर 50% टैरिफ भी इसी बहाने से लगाया था। लेकिन, ईरान से युद्ध छिड़ने के बाद अमेरिका का रंग-ढंग ही बदल गया है।

अब अमेरिका ने औपचारिक तौर पर भारत के रूस से तेल खरीदने का समर्थन किया है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने अब सार्वजनिक तौर पर कहा है कि अमेरिका न सिर्फ तेल की वैश्विक कीमतों को स्थिर बनाए रखने में भारत की भूमिका को मानता है, बल्कि इसका समर्थन भी करता है। बता दें, ईरान युद्ध के बीच में अमेरिका ने हाल ही भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिनों की छूट दी है।

### बाजार की स्थिरता के लिए सहयोग



भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने ईरान युद्ध के बीच बहुत बड़ा कूटनीतिक संदेश देते हुए एक्स पर अपने पोस्ट में कि पूरी दुनिया में तेल की कीमतें स्थिर बनाए रखने में भारत एक ग्रेट पार्टनर है। अमेरिका मानता है कि रूस से लगातार तेल खरीदना इसी प्रयास का हिस्सा है। भारत तेल के सबसे बड़े कंज्यूमरों और रिफाइनरों में से एक है और अमेरिका और भारत के लिए यह आवश्यक है कि अमेरिकियों और भारतीयों के लिए बाजार को स्थिर बनाए रखने के लिए हाथ से हाथ मिलाकर काम करें।

### लाल किला विस्फोट में आरोपियों की हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने लाल किला के निकट विस्फोट की साजिश में कथित



तौर पर शामिल दो आतंकियों की हिरासत में पूछताछ की अवधि बुधवार को पांच दिनों के लिए बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश पीतांबर दत्त ने बंद कमरे में सुनवाई के बाद जमीर अहमद अहनगर और तुफैल अहमद भट की सुनवाई की।

### छग में 108 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

**जगदलपुर/रायपुर (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के समक्ष 108 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।अधिकारियों के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वालों में 44 महिलाएं भी शामिल हैं। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) (माओवादी) की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) से जुड़े माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28